# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

VPL

वर्ष 10 अंक 241
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
9 जून 2025
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 'न्यायमूर्ति वर्मा के पास महाभियोग से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है' | 06 मध्य प्रदेश में गर्मी के मौसम में जहरीली मूंग की खेती | 11 क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई, कई...

















## राजग सरकार ने 11 साल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया: मोदी

नयी दिल्ली, आठ जून (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है।


मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया।

इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों ('लाइव बर्थ') पर मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई। इनमें महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए।

प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा, ''हमारी माताओं-बहनों और बेटियों ने वह दौर भी देखा है, जब उन्हें कदम-कदम पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता था लेकिन आज वे ना सिर्फ विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा और व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं। बीते 11 वर्ष में हमारी नारीशक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।''

## वर्ष 2026 में तमिलनाडु पश्चिम बंगाल में राजग की सरकार बनेगी: शाह

**मदुरै** (तमिलनाडु), (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वर्ष 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी।



पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने मदुरै को 'परिवर्तन' का शहर बताया और कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन बदलाव लाएगा और द्रविड़ मुनेत्र कषगम को सत्ता से बेदखल करेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अन्नाद्रमुक मिलकर तमिलनाडु में राजग की सरकार बनाएंगे और लोग 2026 के चुनावों में द्रमुक को हराएंगे। शाह ने कहा कि द्रमुक सरकार 100 प्रतिशत विफल रही है।

शाह ने कहा, '' वर्ष 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजग सरकार बनाएगा।'' शाह ने राज्य, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारियों को संबोधित करने से पहले भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कोर कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। कोर कमेटी की बैठक का नेतृत्व करने से पहले उन्होंने मदुरै मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना की। अप्रैल में तमिलनाडु की अपनी यात्रा के दौरान शाह ने अन्नाद्रमुक के साथ संबंधों को फिर से बहाल करने की घोषणा की थी। अपने संबोधन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने कानून-व्यवस्था को लेकर द्रमुक शासन पर निशाना साधा और पश्चिमी कोंगू क्षेत्र के गांवों में बुजुर्गों की लक्षित हत्याओं को लेकर पुलिस पर सवाल उठाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की अपील की और अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन को 'उपयुक्त गठबंधन' करार दिया। उन्होंने अमित शाह को 'भारत का लौह पुरुष, दूसरा सरदार वल्लभभाई पटेल' बताया। भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने कहा कि एकमात्र लक्ष्य राज्य में द्रमुक को सत्ता से हटाना है और उन्होंने कार्यकर्ताओं से इस संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

## बिहार की जनता तय करेगी कि मुझे कहां से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए: चिराग पासवान

**आरा** (बिहार), (भाषा) केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि इस साल के उत्तरार्द्ध में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उन्हें किस सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, यह बिहार की जनता को तय करना है।



लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने भोजपुर जिले के आरा में एक रैली में यह बयान दिया।

वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले गढ़े गए अपने एक पुराने नारे को याद करते हुए चिराग ने कहा, ''मैं बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। मैं बिहार और उसके लोगों के लिए चुनाव लड़ूंगा। मैं रामविलास पासवान का बेटा हूं। मैं अपने पिता के सपनों को साकार करूंगा और राज्य को बदलने के उद्देश्य से 'बिहार प्रथम, बिहारी पहले' के लिए काम करूंगा।''

उस समय वह अपने पिता द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। बाद में पार्टी विभाजित हो गई और निर्वाचित आयोग ने उनके और उनके चाचा पशुपति नाथ पारस के नेतृत्व वाली पार्टी के गुटों को नए नाम और प्रतीक आवंटित किए।

चिराग (42) हाजीपुर से सांसद हैं। चिराग ने कहा, ''आगामी विधानसभा चुनाव में मुझे राज्य की किस सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, यह बिहार के लोगों को तय करना है। जब भी मैं कोई राजनीतिक फैसला लेता हूं, तो राज्य और उसके लोगों के हित में लेता हूं।' ऐसा माना जाता है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में पासवान की बगावत के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) को कई सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। जद(यू) अभी भाजपा की सहयोगी पार्टी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की उनकी योजना को मुख्यमंत्री पद की दौड़ या महत्वाकांक्षा से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए।




# रिलायंस विमान उन्नयन कारोबार पर 5,000 करोड़ रुपये का दांव लगाएगी



**नयी दिल्ली, (भाषा)** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करके गति देने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।

यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर पारंपरिक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माताओं) का प्रभुत्व है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के एक सूत्र के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका स्थित एवियोनिक्स फर्म जेनेसिस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध के तहत 55 डोर्नियर-228 विमानों का सफलतापूर्वक उन्नयन करके पहले ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है।

शुरू में 37 विमानों के लिए अनुबंध दिया गया था, रिलायंस ने पहले के अनुबंध के सफल निष्पादन के बाद अतिरिक्त 18 इकाइयों के लिए दोबारा ऑर्डर हासिल किया। सूत्रों ने बताया कि डोर्नियर अपग्रेड अनुबंध का कुल मूल्य 350 करोड़ रुपये था। उन्नत डोर्नियर बेड़ा भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के साथ परिचालन में है। सैन्य विमानों और हेलीकॉप्टरों की सेवा अवधि 30-40 वर्ष होती है, इसलिए नियमित उन्नयन, विशेष रूप से एवियोनिक्स, मिशन सिस्टम और सुरक्षा उपकरणों का महत्वपूर्ण है। उद्योग विशेषज्ञों का अनुमान है कि उन्नयन और रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) में उसके पूरे जीवन चक्र निवेश एक मंच की मूल अधिग्रहण लागत का 200-300 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। वैश्विक स्तर पर, सैन्य विमानों और हेलीकॉप्टर उन्नयन का बाजार सालाना 5,00,000 करोड़ रुपये से अधिक है, और अगले सात वर्षों में इसके 7,00,000 करोड़ रुपये तक बढ़ने का अनुमान है।

भारत, पुराने मंचों के विशाल भंडार के साथ, पर्याप्त घरेलू अवसर प्रदान करता है, विशेष रूप से तब जब सशस्त्र बल अगली पीढ़ी के युद्ध के लिए पुराने बेड़ों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अब अपनी विमान और हेलीकॉप्टर उन्नयन क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश कर रही है, जिसके लिए वह वैश्विक भागीदारों के साथ मिलकर विश्व स्तरीय समाधान देने पर काम कर रहा है।

डोर्नियर अपग्रेड की सफलता के अलावा, कंपनी फ्रांस की थेल्स के साथ साझेदारी में भारत में राफेल लड़ाकू विमानों के लिए प्रदर्शन-आधारित लॉजिस्टिक्स (पीबीएल) कार्यक्रम में भी एक प्रमुख कंपनी है।

## चीन 19 जून से कुनमिंग में दक्षिण एशिया प्रदर्शनी आयोजित करेगा

**बीजिंग, (भाषा)** चीन के युन्नान प्रांत की राजधानी कुनमिंग में इस साल 19 से 24 जून तक चीन-दक्षिण एशिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत और पाकिस्तान की सबसे बड़ी उपस्थिति होगी। प्रदर्शनी में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा और आधुनिक कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित 11 हॉल होंगे। प्रदर्शनी का यह 9वां संस्करण है, जिसमें भारत और दक्षिण एशियाई देशों के साथ ही दुनिया भर के व्यापारी बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 54 देशों और क्षेत्रों के लगभग 1,400 उद्यमों ने भागीदारी की पुष्टि की है। युन्नान प्रांतीय वाणिज्य विभाग के निदेशक ली चाओवेई ने कहा कि लगभग 1,000 पेशेवर खरीदारों के भाग लेने की उम्मीद है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2024 में दक्षिण एशिया के साथ चीन का व्यापार लगभग 200 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने ब्याज दर 0.50 प्रतिशत तो एचडीएफसी ने 0.10 प्रतिशत घटाई

**नयी दिल्ली, (भाषा)** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने रविवार को कहा कि उसने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ब्याज दरों में कटौती के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी अपनी प्रमुख उधारी दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस बीच, निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) में विभिन्न अवधियों में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे उन उधारकर्ताओं को लाभ होगा जिनके ऋण इस बेंचमार्क से जुड़े हैं।

बीओबी ने एक बयान में कहा कि आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में कटौती के अनुरूप, बैंक ने सात जून से अपनी रेपो से संबद्ध ऋण रेट (आरएलएलआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि अब उसकी आरएलएलआर 8.15 प्रतिशत है। इसके साथ ही बीओबी ने आरएलएलआर में आरबीआई की कटौती को पूरी तरह लागू कर दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एमसीएलआर दरें सात जून से प्रभावी हैं।

कटौती के साथ, एक दिन की और एक महीने की दरें 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8.90 प्रतिशत रह गई हैं। तीन महीने की दर 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8.95 प्रतिशत हो गई है, जबकि छह महीने और एक साल की दर 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 9.05 प्रतिशत रह गई है।

दो साल और तीन साल की अवधि के लिए ऋण दर को पहले के 9.20 प्रतिशत से घटाकर 9.10 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले, शुक्रवार को आरबीआई ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में अपेक्षा से अधिक 0.50 प्रतिशत की कटौती की और बैंकों को उधार देने के लिए अधिक धन उपलब्ध कराने हेतु अप्रत्याशित रूप से नकद आरक्षित अनुपात में कटौती की।

## अदाणी के सीमेंट कारोबार का भारत के घरों और बुनियादी ढांचे में 30 प्रतिशत का योगदान

**नयी दिल्ली, (भाषा)** अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स देश के घरों और बुनियादी ढांचे के लिए इस्तेमाल होने वाले सीमेंट में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है। कंपनी ने अपनी नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

अंबुजा सीमेंट्स ने मुख्य रूप से अधिग्रहणों के माध्यम से रिकॉर्ड समय में पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 10 करोड़ टन प्रति वर्ष क्षमता को पार कर लिया है। अब उसका लक्ष्य मुख्य रूप से अधिग्रहण करते हुए विस्तार परियोजनाओं के माध्यम से चालू वित्त वर्ष तक 11.8 करोड़ टन प्रतिवर्ष और वित्त वर्ष 2027-28 तक 14 करोड़ टन प्रतिवर्ष तक पहुंचना है। अंबुजा सीमेंट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद बहेटी ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, "अब अदानी समूह के सीमेंट कारोबार का मुख्य हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स भारत के घरों और बुनियादी ढांचे में लगभग 30 प्रतिशत का योगदान देती है।

# मणिपुर के लोगों की पीड़ा के प्रति पीएम की 'असंवेदनशीलता' वास्तव में चौंकाने वाली : जयराम रमेश



**नयी दिल्ली, (भाषा)** कांग्रेस ने मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं फिर से सामने आने के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति ''असंवेदनशील'' होने का आरोप लगाया।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मणिपुर के लोगों का दर्द, पीड़ा और लाचारी अब भी थमने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि पिछले 24 घंटे में राज्य के पांच जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर फिर से हिंसा की चपेट में आ चुके हैं।पुलिस ने बताया कि मेइती संगठन के एक नेता अरम्बाई तेंगोल की गिरफ्तारी को लेकर हिंसक प्रदर्शन के एक दिन बाद रविवार को भी स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। प्रशासन ने इंफाल घाटी के पांच जिलों में निषेधाज्ञा लागू कर दी और इंटरनेट सेवाएं स्थगित कर दी।इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में एहतियातन निषेधाज्ञा लागू की गई है तथा इन घाटी क्षेत्रों में वीसैट और वीपीएन सुविधाओं सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं।सरकार पर निशाना साधते हुए रमेश ने दावा किया, '' फरवरी 2022 में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अकेले अपने दम पर बहुमत हासिल किया। लेकिन उस जनादेश के महज पंद्रह महीने बाद, तीन मई 2023 की रात से मणिपुर को जलने के लिए छोड़ दिया गया। सैकड़ों निर्दोष पुरुष, महिलाएं और बच्चे मारे गये। हजारों लोग विस्थापित हो गए। पूजा स्थलों को नष्ट कर दिया गया।''उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चार जून 2023 को तीन-सदस्यीय एक जांच आयोग का गठन किया। उन्होंने कहा कि आयोग को अपनी रिपोर्ट देने के लिए बार-बार समय-सीमा बढ़ाई गई है और उसे दी गई अंतिम समय-सीमा 20 नवंबर 2025 है।रमेश ने कहा कि एक अगस्त, 2023 को उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि ''राज्य में पिछले दो महीनों से संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।''उन्होंने कहा, ''केन्द्रीय गृह मंत्री ने मणिपुर का दौरा किया, जबकि प्रधानमंत्री ने पूरी तरह से चुप्पी साधे रखी तथा कुछ भी कहने या राज्य के किसी भी व्यक्ति से मिलने से इनकार कर दिया।''रमेश ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी ने शुरुआत से राष्ट्रपति शासन की मांग की थी, लेकिन इसे तब तक नजरअंदाज किया गया जब तक कि कांग्रेस ने 10 फरवरी 2025 से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा नहीं कर दी। भाजपा ने नौ फरवरी की रात सच्चाई को भांपते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफा दिलवाया और अंततः 13 फरवरी 2025 को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया।''रमेश ने कहा, ''हालांकि राष्ट्रपति शासन से कोई फर्क नहीं पड़ा है।''

# जनता ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया, इसीलिए वह जनादेश को स्वीकार नहीं कर पा रहे: फडणवीस



**मुंबई, (भाषा)** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं, क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है।फडणवीस ने 'इंडियन एक्सप्रेस' और मराठी दैनिक 'लोकसत्ता' में प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में होने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने शनिवार को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित एक लेख और 'एक्स' पर किये गए एक पोस्ट में आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव ''लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट'' था और यह ''मैच फिक्सिंग'' अब बिहार में भी दोहराई जाएगी।सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किये गए पोस्ट में गांधी ने चुनाव में कथित अनियमितताओं के बारे में चरणबद्ध तरीके से बताया कि कैसे मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा गया, मतदान प्रतिशत बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया गया, फर्जी मतदान कराया गया और बाद में सबूतों को छिपा दिया गया।निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि अनुकूल परिणाम नहीं मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना पूरी तरह बेतुका है।गांधी के दावों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का लगातार ''अपमान'' कर रहे हैं।भाजपा नेता ने आरोप लगाया, ''लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है और इसके बदले में वह लोगों और उनके जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं।''उन्होंने कहा, ''एक बार हार स्वीकार कर लेना अधिक विवेकपूर्ण होगा। इस बात पर आत्ममंथन करने की जरूरत है कि आप कहां गलत हैं, लोगों के साथ आपका जुड़ाव क्यों कम है और आपको इसके बारे में क्या करना चाहिए।''उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में मिलने वाली हार के लिए अपने बहाने तैयार कर रहे हैं।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से मिलकर बने महायुति ने 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) वाले गठबंधन महाविकास आघाडी को हराकर भारी बहुमत से जीत हासिल की थी।फडणवीस ने कहा, ''जहां तक महाराष्ट्र चुनाव का सवाल है, यह मूल रूप से महायुति और महा विकास आघाडी के बीच मुकाबला नहीं था। एक और कारक थाः भारत जोड़ो अभियान।

# उत्तर प्रदेश सरकार ग्रेटर नोएडा में 125 करोड़ रुपये का फ्लैटेड कारखाना स्थापित करेगी



**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, (भाषा)** उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश के तौर पर रूपांतरित करने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ग्रेटर नोएडा में 125 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक फ्लैटेड कारखाने का निर्माण कराएगी। इससे जुड़ी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

राज्य सरकार ने रविवार को यहां बयान जारी कर कहा कि प्रदेश के कुटीर, लघु एवं मंझोले उद्योगों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत ढांचे के आधुनिक तरीके से विकास के लिये अब यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) एक बड़ी पहल करने जा रहा है।

बयान में कहा गया कि इसके तहत गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा स्थित सेक्टर 28 में आधुनिक फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण किया जाएगा। फ्लैटेड फैक्टरी परिसर के निर्माण से जुड़ी प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है और फिलहाल मास्टर प्लान व अन्य रिपोर्ट्स के निर्माण पर काम चल रहा है।

बयान के मुताबिक, लगभग 125 करोड़ रुपये की लागत से 24 महीने में निर्माण कार्यों को पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। यह प्रस्तावित फ्लैटेड फैक्टरी न केवल एमएसएमई क्षेत्र को गति देगी बल्कि नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रदेश सरकार ने कहा कि उसका उद्देश्य इस फ्लैटेड फैक्टरी परिसर के जरिए छोटे उद्यमियों को एक ही परिसर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस इकाइयां देना है ताकि उत्पादन कार्य बिना किसी बाधा के चल सके। यीडा का यह कदम न केवल निवेशकों को आकर्षित करेगा बल्कि क्षेत्र की तरक्की के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा।

यह परियोजना इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर होगी और इसका निर्माण कार्य 24 महीनों में पूरा किया जाएगा। यह बहुमंजिला फ्लैटेड फैक्टरी लगभग 38,665 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में फैली होगी और इसमें एमएसएमई उद्यमों के लिए अत्याधुनिक सुविधा युक्त इकाइयां होंगी। प्रक्रिया के तहत, मुख्य भवन निर्माण के साथ ही परिसर को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक विकसित किया जाएगा। यहां आंतरिक जल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, अग्निश्मन प्रणाली, एलिवेटर, एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा परिसर की डिजाइन को पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा। इसमें सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी,

## भारतीय अर्थव्यवस्था का जापान को पीछे छोड़ना आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं

**नयी दिल्ली, (भाषा)** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है।

अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है।

स्मदजा ने विशेष बातचीत में कहा, "यह (अर्थव्यवस्था का आकार) एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है।" उन्होंने कहा, "नहीं, यह एक अच्छा संकेतक नहीं है क्योंकि जो मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है।

# ओडिशा अब भारत का खनिज केंद्र नहीं बल्कि विविध औद्योगिक केंद्र बन रहा

**भुवनेश्वर, (भाषा)** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को कहा कि प्रदेश अब भारत का खनिज केंद्र नहीं रहा, बल्कि यह एक विविध औद्योगिक शक्ति बन रहा है। माझी ने अपनी सरकार की पहली वर्षगांठ से पहले लोक सेवा भवन में उद्योगपतियों के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "ओडिशा अब सिर्फ़ खनिज और धातु का केंद्र नहीं रह गया है।



हम एक विविधतापूर्ण औद्योगिक केंद्र बन रहे हैं, जहां बंदरगाह से लेकर संयंत्र तक और शहरों से लेकर हर आकांक्षी जिले तक अवसरों का प्रवाह होता है।" उन्होंने कहा कि राज्य 20 क्षेत्रों - खनन, धातुकर्म और धातु डाउनस्ट्रीम से लेकर रसायन, खाद्य प्रसंस्करण, परिधान और वस्त्र में उभरते अवसरों तक में आगे बढ़ रहा है।

माझी ने उद्योगों की मदद के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, "एक साल पहले, ओडिशा के लोगों ने हम पर भरोसा जताया था कि हम एक ऐसा भविष्य बनाएंगे जो समावेशी, आकांक्षापूर्ण और परिवर्तनकारी होगा। आज, जब हम इस पहले वर्ष पर विचार करते हैं, तो हम अपनी प्रगति और आगे की यात्रा के लिए नई प्रतिबद्धता पर गर्व करते हैं।" मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर रही है और उद्योगपतियों से राज्य को औद्योगिक शक्ति बनाने की यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "पिछले वर्ष ही 206 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई - जो पिछले पांच वर्षों के औसत से लगभग दोगुनी है।

इनका कुल निवेश मूल्य 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है और इनमें लगभग 2.9 लाख रोजगार की संभावना है।"

माझी ने कहा, "उत्कर्ष ओडिशा शिखर सम्मेलन के बाद से, 56 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जा चुका है, जिसमें कुल मिलाकर 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा और 1.1 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। ये संख्याएं न केवल हमारी गति, बल्कि पैमाने और सार को भी दर्शाती हैं।"

## एमसीडी ने सुनियो एमनेस्टी योजना के तहत अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए 120 शिविर आयोजित किए

**नयी दिल्ली, (भाषा)** करदाताओं की सुविधा और अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए, दिलली नगर निगम (एमसीडी) ने अपने 12 क्षेत्रों में 120 संपत्ति-कर शिविर आयोजित किए हैं। एमसीडी ने बयान जारी कर बताया कि इस पहल का उद्देश्य संपत्ति मालिकों को अपना कर दाखिल करने में मदद करना और चल रही संपत्ति कर माफी योजना 2025-26 -सम्पत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) का लाभ उठाना है। एमसीडी ने कहा कि शिविरों में निवासियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो योजना में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, नगर निकाय ने व्यापक पहुंच और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आने वाले दिनों में इस तरह के और अधिक शिविर आयोजित करने की योजना बनाई है। बयान में कहा गया है कि सुनियो के तहत, संपत्ति के मालिक वित्त वर्ष 2019-20 तक लंबित कर बकाया, ब्याज और दंड सहित, पर पूरी छूट पा सकते हैं। इसमें कहा गया है कि अर्हता प्राप्त करने के लिए, करदाताओं को चालू वित्त वर्ष (2025-26) और पिछले पांच वर्षों - 2020-21 से 2024-25 तक के लिए बिना किसी ब्याज या जुर्माने के मूल राशि का भुगतान करना होगा। बयान के अनुसार, आगे की सहायता के लिए, एमसीडी ने प्रश्नों को संबोधित करने और प्रक्रिया के माध्यम से नागरिकों का मार्गदर्शन करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर स्थापित किया है।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे , पहले की तरह मजबूत और आत्मविश्वास में नजर आ रहे प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ जून 2024 को जब तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी, तो उस वक्त राहुल गांधी बेहद उत्साहित नजर आये थे क्योंकि लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने से चूक गई थी, जबकि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान उसने 543 सदस्यीय निचले सदन में 400 से अधिक सीट जीतने का दावा किया था।लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद आलोचकों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जदयू नेता नीतीश कुमार पर निर्भरता को रेखांकित किया था। आलोचकों ने कहा था कि नायडू और कुमार का गठबंधन बदलने का इतिहास रहा है और उत्तर प्रदेश तथा महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में लोकसभा चुनाव में इसका (भाजपा) प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा है, जिससे भविष्य में राजनीतिक उथल-पुथल की संभावना है।कांग्रेस के एक नेता ने कहा था, ''हमने मोदी को मनोवैज्ञानिक रूप से खत्म कर दिया है। उनकी सरकार को जल्द ही सत्ता से हटा दिया जायेगा।''सोमवार को मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ तथा कुल मिलाकर 11वीं वर्षगांठ मनायेगी और प्रधानमंत्री पहले की ही तरह मजबूत स्थिति में और पूरे आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करते नजर आ रहे हैं।वहीं, उनके दो प्रमुख



सहयोगी (नायडू और कुमार), जिन्हें विपक्ष बैसाखी बता रहा था, न केवल भरोसेमंद साबित हुए हैं, बल्कि जमकर मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहे हैं।भाजपा ने अपनी राजनीतिक और प्रशासनिक पहुंच को नये सिरे से तैयार करने के लिए फिर से काम शुरू किया है और विधानसभा चुनावों में आश्चर्यजनक रूप से बड़ी जीत हासिल करके अपनी गति फिर से हासिल कर ली।लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन हरियाणा और महाराष्ट्र में उम्मीद से कम रहा था, लेकिन इस पार्टी ने अपने कल्याणकारी उपायों और क्षेत्रीय नेतृत्व के प्रयासों से स्थिति को बदल दिया और विधानसभा चुनाव में इन दोनों राज्यों में जीत हासिल की। भाजपा ने अंततः 26 वर्षों के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल की और अपने प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को पछाड़ दिया।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और केजरीवाल जैसे अन्य भाजपा के प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से दूर हो गए हैं और शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (एसपी) जैसे दलों का भविष्य अनिश्चित है।दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर मनोज कुमार इस बात पर जोर देते हैं कि विपक्ष द्वारा मोदी के खिलाफ लड़ाई में विफल रहने के बावजूद मोदी के नेतृत्व की स्थिति लगभग निर्विवाद है।

## एचडीएफसी बैंक ने अपने सीईओ के खिलाफ लीलावती ट्रस्ट के आरोपों को निराधार बताया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** एचडीएफसी बैंक ने लीलावती ट्रस्ट के इस आरोप का खंडन किया है कि बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ शशिधर जगदीशन कई वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल थे। ट्रस्ट मुंबई में लीलावती अस्पताल की देखरेख करता है। एचडीएफसी बैंक के प्रवक्ता ने कहा कि लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट , उसके ट्रस्टियों और अधिकारियों द्वारा बैंक के एमडी और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और दुर्भावनापूर्ण हैं। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "अपमानजनक और बेतुके आरोपों का दृढ़ता और स्पष्ट रूप से खंडन किया जाता है।"

# 'न्यायमूर्ति वर्मा के पास महाभियोग से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है'

नयी दिल्ली, (भाषा) न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिये चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा।

अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद द्वारा हटाया जाता है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार, उच्च न्यायालय का कोई न्यायाधीश, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित पत्र लिखकर अपना पद त्याग सकता है।

न्यायाधीश के त्यागपत्र के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। एक साधारण त्यागपत्र ही पर्याप्त है। न्यायाधीश पद छोड़ने के लिए संभावित तिथि बता सकता है। ऐसे मामलों में न्यायाधीश पद पर बने रहने के अंतिम दिन की तिथि के रूप में उल्लिखित दिनांक से पहले अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है। संसद द्वारा हटाया जाना न्यायाधीश को पद से हटाने का दूसरा तरीका है।



भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए कहा था, जो नकदी बरामदी से जुड़े विवाद में फंसे हैं।

न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी। सूत्रों ने पहले बताया था कि न्यायमूर्ति खन्ना ने वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था। किसी न्यायाधीश को पद से हटाने से संबंधित प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों में से किसी में भी लाया जा सकता है। प्रस्ताव पर राज्यसभा में कम से कम 50 सदस्यों को हस्ताक्षर करने होते हैं। लोकसभा में 100 सदस्यों को इसका समर्थन करना होता है।

न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसी भी स्थिति हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे, जो उन आधारों की जांच करेगी, जिनके आधार पर उन्हें हटाने की मांग की गई है।

समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक 'प्रतिष्ठित न्यायविद' शामिल होते हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि मौजूदा मामला 'थोड़ा अलग' है, क्योंकि तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश खन्ना द्वारा गठित आंतरिक समिति पहले ही अपनी रिपोर्ट सौंप चुकी है। उन्होंने कहा, ''इसलिए इस मामले में क्या करना है, हम इस पर फैसला लेंगे।'' मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए, लेकिन पहले से की गई जांच को कैसे एकीकृत किया जाए, इस पर निर्णय लेने की जरूरत है। रीजीजू ने कहा कि नियम के अनुसार, एक समिति का गठन किया जाना चाहिए और फिर समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसे सदन में पेश किया जाएगा और न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में संसद द्वारा नहीं, बल्कि पहले से ही एक समिति का गठन किया गया है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसका गठन प्रधान न्यायाधीश ने किया था।

न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत एक समिति का गठन अनिवार्य रूप से किए जाने से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए रीजीजू ने कहा कि इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि आंतरिक समिति की रिपोर्ट और कानून के तहत रिपोर्ट का मिलान करना 'गौण मामला' है। प्राथमिक उद्देश्य पद से हटाने का प्रस्ताव लाना है। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा।

मार्च में राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर आग लगने की घटना हुई थी, इस दौरान उनके आवासीय परिसर के बाहरी हिस्से से नकदी की कई जली हुई बोरियां पायी गई थीं। इस घटना के समय न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे। हालांकि, न्यायाधीश ने नकदी को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की थी, लेकिन उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित समिति ने कई गवाहों से पूछताछ और उनके बयान दर्ज करने के बाद उन्हें आरोपित किया था।

उच्चतम न्यायालय ने उन्हें उनके मूल उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया था, जहां उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है।

इसके पहले, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश वी रामास्वामी और कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौमित्र सेन को पद से हटाने की कार्यवाही शुरू की गई थी, लेकिन उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने की कार्यवाही संसद के मानसून सत्र में शुरू की जाएगी। नए संसद भवन में किसी न्यायाधीश को पद से हटाने से जुड़ी यह पहली कार्यवाही होगी।

# पायलट की विशेष घोषणा पर विमान यात्रियों में चिनाब नदी पर बने पुल की तस्वीर लेने की होड़

नयी दिल्ली, (भाषा) जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं।

रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार को कहा, ''चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है।''

उन्होंने कहा, ''इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: ''आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-



मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।''

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया, ''केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है - यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं।''

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं।

इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, ''कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं।''

कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है।

महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में 'चिनाब पुल' दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है। नदी तल से 359 मीटर ऊपर यह सलाल बांध के पास चिनाब नदी पर बना है और इसकी कुल लंबाई 1,315 मीटर है।

इसका इस्पात से बना मुख्य मेहराब अकेले 467 मीटर लंबा है और यह 266 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा को भी झेल सकता है।


यह एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा और कुतुब मीनार से लगभग पांच गुना ऊंचा है। इस विशाल संरचना को बनाने में 28,000 मीट्रिक टन इस्पात का इस्तेमाल किया गया है।

# ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए 2028 से और भारतीयों को मिलेगी रोड्स छात्रवृत्ति

नयी दिल्ली, (भाषा) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने वाले रोड्स स्कॉलरशिप ट्रस्ट ने 2028 से भारतीयों के लिए छात्रवृत्तियों की संख्या को देश की जनसंख्या के अनुरूप बढ़ाने की योजना बनाई है। यह जानकारी ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सर रिचर्ड ट्रेनर ने दी।

अगले साल से शुरू हो रहे शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदनों की घोषणा से पहले, भारत आए ट्रेनर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में बताया कि वर्तमान में भारतीय अभ्यर्थियों को सालाना छह छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

ट्रेनर ने कहा, ''अब प्राथमिकता उन स्थानों के लिए कुछ अतिरिक्त छात्रवृत्तियां प्रदान करने की है, जहां जनसंख्या के अनुपात में विद्वानों की संख्या अधिक हो सकती है और भारत उन देशों में से एक है। इसलिए, हमारे पास भारत के लिए प्रति वर्ष छह छात्रवृत्तियां हैं, जो अच्छी बात है, लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, इस देश



में डेढ़ अरब लोग हैं, इसलिए अधिक छात्रवृत्तियां होनी चाहिए।''

रोड्स हाउस के अंतरिम 'वॉर्डन' ने कहा, ''हम अतिरिक्त छात्रवृत्तियों के लिए धन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि ट्रस्ट को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की फीस का भुगतान करने तथा छात्रों के जीवन-यापन के व्यय का भुगतान करने के लिए निधि में धन की आवश्यकता है।''

छात्रवृत्ति की संख्या बढ़ाने के लिए चीन और अफ्रीका जैसे अन्य देश भी प्राथमिकता में हैं। वर्तमान में चीन से चार और अफ्रीका से 21 अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाती है।

ट्रेनर ने कहा, ''हम छात्रवृत्ति योजना की 125वीं वर्षगांठ, जो कि 2028 है, तक इन तीनों क्षेत्रों में कुछ अतिरिक्त विद्वानों को शामिल करना चाहेंगे। हम अभी से लेकर 125वीं वर्षगांठ तक धन जुटाने पर बड़ा जोर देने जा रहे हैं।'' ट्रेनर स्वयं 1970 में रोड्स छात्रवृत्ति के लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर रोड्स छात्रवृत्ति से अपने जीवन में आए बदलाव के बारे में बताते हैं।

रोड्स छात्रवृत्ति उन प्रतिभाशाली छात्रों को दी जाती है, जिन्हें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दो से तीन साल की पढ़ाई करनी होती है। 18-23 वर्ष (विशेष परिस्थितियों में 27 वर्ष तक) के छात्र आवेदन करने के पात्र हैं।

रोड्स छात्रवृत्ति विश्व की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे पुरानी स्नातक पाठ्यक्रम के लिए दी जाने वाल छात्रवृत्तियों में से एक है, जिसकी स्थापना 1903 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में की गई थी।

अगले साल के शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया तीन जून को शुरू हुई और अभ्यर्थी 23 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

## दिल्ली में डकैती, अपहरण के मामले में 10 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) मध्य दिल्ली के झंडेवालान इलाके में अपहरण और डकैती को कथित तौर पर अंजाम देने के बाद 10 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के किशनगंज निवासी 37 वर्षीय राकेश 2014 के एक मामले में वांछित था, जिसमें उसने और उसके साथियों ने पान मसाला की खेप ले जा रहे एक वाहन के चालक को हथियार का भय दिखा कर लूट लिया था।

उन्होंने बताया कि लूट की यह घटना 26 दिसंबर 2014 की रात हुई, जिसमें छह से सात लोग शामिल थे। वर्ष 2015 में अदालत ने आरोपी को फरार घोषित कर दिया था। हालांकि, चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन राकेश फरार था। सूचना के आधार पर अपराध शाखा की टीम ने उसे लोनी के चमन विहार से पकड़ लिया।

# अतिक्रमण को लेकर अदालत के आदेशों की अवहेलना नहीं की जा सकती: रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि अधिकारी अदालतों द्वारा जारी किये गये ध्वस्तीकरण आदेशों की अवहेलना नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने कहा कि विस्थापित निवासियों को आवास मुहैया कराया गया है।

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा दक्षिणी दिल्ली में बारापुला के निकट मद्रासी कैंप झुग्गी बस्ती को ढहाये जाने तथा शहर के अन्य भागों में इसी प्रकार के ध्वस्तीकरण अभियान की आलोचना के बीच आई है।

आप ने गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि विस्थापित लोगों को दूर नरेला में घर मुहैया कराए गए और वहां भी बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं।

हैदरपुर क्षेत्र में एक झुग्गी बस्ती में जन सेवा शिविर के निर्माण के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले कुछ दिनों में अधिकारियों द्वारा लगभग चार बार ध्वस्तीकरण



की कार्रवाई की गई है, जैसे मद्रासी कैंप में, जहां न्यायालय ने बारापुला नाले के पास अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।'' उन्होंने कहा कि बारापुला नाले के पास अतिक्रमण के कारण इसकी चौड़ाई कम हो गई है, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि गाद निकालने के लिए यह कार्रवाई आवश्यक थी। उन्होंने कहा, ''अगर अदालत ने झुग्गियों के लिए कुछ आदेश दिया है तो न तो सरकार और न ही प्रशासन कुछ कर सकता है। मद्रासी कैंप बारापुला नाले के किनारे बसाया गया था।'' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''अदालत ने इस झुग्गी बस्ती को हटाने का आदेश दिया था ताकि नाले की सफाई के लिए मशीनें लगाई जा सकें। कोई भी अदालत के आदेश की अवहेलना नहीं कर सकता। उस कैंप के निवासियों को मकान आवंटित कर दिए गए हैं।''

मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आतिशी ने कहा कि भाजपा का प्रमुख चुनावी वादा 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' खोखला है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, ''रेखा जी: क्या अदालत ने यह भी कहा था कि भाजपा अपना 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' का वादा पूरा ना करे? अगर झुग्गी तोड़नी थी तो आस-पास के इलाके में घर क्यों नहीं दिया? मद्रासी कैंप के ज्यादातर लोगों को मकान नहीं मिला। जिनको मिला - वो भी 40 किलोमीटर दूर नरेला के टूटे फूटे घर; जहां सड़क नहीं, काम नहीं, स्कूल नहीं, अस्पताल नहीं''

## क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखाधड़ी करने वाला तकनीकी विशेषज्ञ गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने 24 वर्षीय एक तकनीकी विशेषज्ञ को एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसका इस्तेमाल लोगों को उनके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखा देने के लिए किया जाता था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

उसने बताया कि बीसीए की पढ़ाई बीच में छोड़कर एपीके डेवलपर बने व्यक्ति की पहचान गाजियाबाद निवासी जय किशन उर्फ ऋषभ के रूप में हुई है। उसे पड़ोसी नोएडा में छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी इस साल मार्च में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के मामले की जांच के दौरान की गई। इस मामले में पहले पांच महिलाओं समेत आठ लोगों को हिरासत में लिया गया था। डीसीपी (बाहरी) सचिन शर्मा ने कहा, ''जय किशन धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए नकली ऐप के पीछे का तकनीकी मास्टरमाइंड था।

# फर्जी वीजा का इस्तेमाल कर स्पेन की अवैध यात्रा कराने के प्रयास के आरोप में एजेंट गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) पंजाब के तीन लोगों को फर्जी शैंगेन वीजा एवं जाली टिकटों के जरिये स्पेन भेजने के आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को इसकी जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि दिल्ली हवाई अड्डे पर तीनों व्यक्तियों को उनके दस्तावेज़ और टिकट नकली पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि तीनों व्यक्तियों को स्पेन में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अवैध यात्रा के लिए कुल 17 लाख रुपये वसूले गए थे। पुलिस के अनुसार, अमृतसर निवासी 25 वर्षीय कमलदीप सिंह तीनों की गिरफ्तारी के बाद फरार हो गया था, लेकिन करीब 300 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद उसे हरियाणा के कुरुक्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि वह एक अन्य एजेंट सोनू वालिया के साथ मिलकर तीनों को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विदेश भेजने का काम कर रहा था। सोनू वालिया को पंजाब पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

अधिकारी ने बताया, ''29 मई को अमृतसर से तीन यात्री मैड्रिड जाने के लिए आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंचे। विमानन कंपनी के अधिकारियों ने उनके टिकटों को फर्जी बताया और उनके दस्तावेजों को आव्रजन अधिकारियों को भेज दिया। जांच के बाद उनके पासपोर्ट पर लगे शेंगेन वीजा के फर्जी होने की पुष्टि की गई।''

## मध्य दिल्ली के होटल में मृत पाई गई महिला, पुरुष साथी हिरासत में

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के एक होटल के कमरे में रविवार को 29 वर्षीय एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पायी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि महिला का पुरुष साथी पिछली शाम उसके साथ होटल में ठहरा था जिसे पकड़ा गया है। होटल के स्वागत क्षेत्र में जमा किए गए दस्तावेजों के अनुसार मृतक की पहचान सारिका (29) के रूप में हुई है, जबकि पुरुष साथी की पहचान सचिन (31) के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि सचिन को आज सुबह होटल से निकलते हुए देखा गया, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। उसे होटल के स्वागत क्षेत्र पर दिए गए पते से गिरफ्तार किया गया।

# सीबीआई ने मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल के सदस्य को इंफाल हवाई अड्डे से किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर में 2023 में हुई हिंसा से संबंधित विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए रविवार को मेइती संगठन अरामबाई तेंगगोल (एटी) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कानन सिंह को सीबीआई ने इंफाल हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि उसे तुरंत गुवाहाटी ले जाया गया, जहां उसे पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा, 'सिंह की गिरफ्तारी से संबंधित जानकारी उसके परिवार के सदस्यों को दे दी है।' सीबीआई उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर जातीय हिंसा से संबंधित मामलों की जांच कर रही है।

प्रवक्ता ने कहा, ''मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए मणिपुर हिंसा मामलों की सुनवाई मणिपुर से गुवाहाटी स्थानांतरित कर दी गई है।'' शनिवार को एटी के सदस्य सिंह की गिरफ्तारी की खबरें फैलने के बाद राज्य की राजधानी इंफाल में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सीबीआई के बयान में स्पष्ट किया गया कि सिंह को रविवार को इम्फाल हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया। एहतियाती उपाय के तौर पर प्रशासन ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में निषेधाज्ञा लगाई है, जबकि इन घाटी क्षेत्रों में वीसैट और वीपीएन सुविधाओं सहित इंटरनेट और मोबाइल-डेटा सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

# देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 6,000 के पार हुई

नयी दिल्ली, (भाषा) देश में पिछले 48 घंटे में कोविड-19 के 769 नये मामले सामने आए, जिसके साथ ही उपचाराधीन मरीजों की संख्या छह हजार के पार पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

मंत्रालय के अनुसार, केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, उसके बाद गुजरात, पश्चिम बंगाल और दिल्ली का स्थान है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर, तैयारियों का जायजा लेने के लिए केंद्र 'मॉक ड्रिल' आयोजित कर रहा है और सभी राज्यों को ऑक्सीजन, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की



संख्या 6,133 है और पिछले 24 घंटों में छह और संक्रमितों की मौतें हुई हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अधिकतर मरीजों में हल्के लक्षण थे और वे घर पर ही उपचार के बाद ठीक हो गए। इस साल जनवरी के बाद से देश में कोविड-19 से 65 लोगों की मौत होने की सूचना है। 22 मई तक देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 257 थी। कोविड-19 की मौजूदा स्थिति और तैयारी के उपायों का आकलन करने के लिए आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, आपात प्रबंधन प्रतिक्रिया (ईएमआर) प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठकें स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. सुनीता शर्मा की अध्यक्षता में दो जून और तीन जून को हुईं।

आधिकारिक सूत्रों ने चार जून को बताया कि आईडीएसपी के तहत राज्य एवं जिला निगरानी इकाइयां इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारियों (आईएलआई) और गंभीर श्वसन संबंधी बीमारियों (एसएआरआई) की करीबी निगरानी कर रही हैं।

## आपराधिक मामलों में वांछित गोगी गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने जबरन वसूली, मारपीट और अवैध हथियार रखने के कई मामलों में वांछित गोगी गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

नरेला निवासी आरोपी सचिन खत्री उर्फ शिन्नी (26) को शुक्रवार को एक खुफिया जानकारी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, खत्री कम से कम चार बड़े आपराधिक मामलों में शामिल था। एक मामले में, उसने और उसके साथी ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए उसके घर पर कई गोलियां चलाईं थी। एक अन्य घटना में कथित तौर पर 'डंकी रूट' के जरिए विदेश भाग गए एक सरगना के निर्देश पर खत्री और उसके गिरोह के सदस्यों ने अलीपुर के एक प्रॉपर्टी डीलर को धमकाया और उसके दफ्तर से पांच लाख रुपये लूटे थे। पुलिस ने बताया कि बीच में ही स्कूली पढ़ाई छोड़ने वाला खत्री छोटी उम्र में गोगी गिरोह में शामिल हो गया था।

# अतिक्रमणकारी सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते : अदालत

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की।

न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं, जिसके आधार पर पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए पात्रता तय की जाती है।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए अपने आदेश में कहा, ''किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।''



अदालत ने लगभग 1,200 लोगों से संबंधित याचिकाओं पर यह फैसला सुनाया। याचिका में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को आगे किसी भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोकने, स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने, और याचिकाकर्ताओं को उनकी संबंधित झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों से जबरन बेदखल न करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) को प्रभावित निवासियों का उचित और व्यापक सर्वेक्षण करने तथा 2015 की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया था।

उच्च न्यायालय ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि याचिकाकर्ताओं को पुनर्वास की मांग करने का कोई निहित अधिकार नहीं है, क्योंकि यह उनके जैसे अतिक्रमणकारियों के लिए कोई पूर्ण संवैधानिक अधिकार नहीं है।

अदालत ने कहा, ''पुनर्वास का अधिकार पूरी तरह से उस प्रचलित नीति से उत्पन्न होता है, जो उनपर लागू होती है। पुनर्वास के लिए पात्रता का निर्धारण एक अलग प्रक्रिया है, जो सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमणकारियों को हटाने से भिन्न है।''

फैसले में कहा गया, ''अतिक्रमणकारी लागू नीति के तहत अपने पुनर्वास दावों के समाधान तक सार्वजनिक भूमि पर कब्जा बनाए रखने का अधिकार नहीं जता सकते, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।''

अदालत ने हालांकि, उनमें से कुछ के पुनर्वास की अनुमति दे दी और डीडीए को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के फ्लैट आवंटित करने का निर्देश दिया।

भूमिहीन कैंप में लगभग तीन दशक पुरानी झुग्गी बस्ती है, जहां उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से आए प्रवासी रहते हैं।




# खुले में घूम रहे हिस्ट्रीशीटरों की कुंडली पर अनुराग आर्य की नजर

## एसएसपी के आदेश पर बरेली पुलिस ने खोली 13 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट, अपराधियों के हर मूवमेंट पर नजर



**पुलिस ने एक साथ 13 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है, जो सालों से गौकशी, चोरी, लूट, धोखाधड़ी, एनडीपीएस, रंगदारी और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त हैं**

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी

बरेली।एसएसपी अनुराग आर्य स्पष्ट संदेश ना खुले में घूमेंगे अपराध करने वाले अपराधी ना होगा अपराध जिले में जुर्म की जड़ें काटने को एसएसपी अनुराग आर्य ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने एक साथ 13 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है, जो सालों से गौकशी, चोरी, लूट, धोखाधड़ी, एनडीपीएस, रंगदारी और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त हैं। अब इनकी हर चाल पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस के मुताबिक, ये सभी आरोपी लगातार अलग-अलग वारदातों में सक्रिय रहे हैं। कईयों पर 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन अब पुलिस की निगाहें इन पर टिक चुकी हैं। हर थाने को इन अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। एसएसपी ने साफ कहा है कि अपराधियों को अब बख्शा नहीं जाएगा।

### इन आरोपियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

पुलिस ने जिन आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है उनमें से कईयों पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें आंवला के गौसिया चौक निवासी दानिश पुत्र फहीम बेग पर 12 मुकदमे, हाफिजगंज के गढ़ी सैथल निवासी जुबैर पुत्र बाबू कुरैशी पर 12 केस, हाफिजगंत के औरंगाबाद निवासी शिवम पुत्र प्रेमशंकर 12 मुकदमे, आंवला के पचघेर निवासी सोनू यादव उर्फ जितेंद्र पर 8 मुकदमे, आंवला के सईदान निवासी अकबर उर्फ टेनी पर 8 मुकदमे, पीलीभीत के शेरपुर कला निवासी मो. शाकिर पर 7 मुकदमे, फतेहगंज पश्चिमी के लोहार नगला निवासी मुन्ना उर्फ अभय पर 7 मुकदमे, बहेड़ी के टांडा निवासी मो. अली पर 6 मुकदमे, हाफिजगंज के दोहरिया जागीर निवासी यामीन पर 5 मुकदमे, फतेहगंज के टिटौली निवासी जुबैर अहमद पर 5 मुकदमे, हाफिजगंज के दुआवट निवासी मो. रईस पर 3 मुकदमे, भमौरा के मंजुनुपुर निवासी अजीम हुसैन पर 2 मुकदमे, भोजीपुरा के फतेहपुर दुर्गा प्रसाद निवासी रफीक उर्फ बटुआ पर 2 मुकदमे दर्ज हैं, और इन्हीं सभी आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा अपराध की जड़ तक पहुंचना जरूरी है। जो अपराधी पुलिस को हल्के में ले रहे थे, अब वे सीधे निगरानी में हैं। अगर फिर से जुर्म में पकड़े गए तो सीधे जेल की हवा खाएंगे, और जरूरत पड़ी तो गुंडा एक्ट व गैंगस्टर में भी लपेटा जाएगा।

# जिलाधिकारी का आंवला तहसील दौरा लीलौर झील का होगा सौंदर्यकरण

**झील के किनारे पौधे लगाये जाने के दिए निर्देश**

**झील को और अधिक सुन्दर तथा आकर्षक बनाया जाए, विकास गुणवत्ता का विशेष ध्यानः जिलाधिकारी**



नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी

बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज तहसील आंवला में स्थित लीलौर झील का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि झील के किनारे पौधे लगाये जाये तथा झील में वाटर रीचार्ज सिस्टम लगाया जाये जिससे कि लगातार झील में पानी आता रहे तथा झील की साफ-सफाई समय-समय पर अवश्य करायी जाये।

उन्होने निर्देश दिए कि झील को और अधिक सुन्दर तथा आकर्षक बनाया जाए। इसमें सौन्दर्यकरण का जो भी कार्य करा जाये उसकी गुणवत्ता उचित रखी जाए। सभी कार्यों हेतु इन्सटीमेट बनाकर तैयार किये जाये।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई जगहो पर झील का बांध कटा हुआ है जिस पर उपजिलाधिकारी को इस कार्य को कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गांव में जल जीवन मिशन का कार्य जिन जगहो पर हुआ है वहां पर सड़कें टूटी हुई है जिस पर उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिये गए कि संबंधित के माध्यम से शीघ्र सड़क सही करायी जाये।

ग्रमीणो ने जिलाधिकारी के समक्ष निराश्रित गौवंशो की समस्या रखी जो आये दिन फसलों का नुकसान करती रहती है जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी आंवला को निर्देश दिये कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से वार्ता कर गौवंशो को गौशाला में आश्रय दिया जाए जिससे कि किसानों की फसल का नुकसान न हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा गांव में वृक्षारोपण किया गया तथा ग्रामीणों से अपील की गयी कि इसे लगातार पानी देते रहे जिससे कि यह फल दे सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, नगर आयुक्त संजीव मौर्य, उपजिलाधिकारी नहने राम सहित समस्त ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

# ...कहीं पुरानी रंजिशों के कारण तो नहीं टूट रहा आपका रिश्ता

## फर्जी कॉल से युवती का रिश्ता तोड़ने की कोशिश

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। थाना बहेड़ी क्षेत्र में एक सनसनीखे मामला सामने आया है, जहां पुरानी रंजिश के चलते परिवार ने युवती को बदनाम कर उसका रिश्ता तुड़वाने की साजिश रच डाली। पीड़ित पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बहेड़ी के एक गांव निवासी ने अपनी बेटी का रिश्ता महाराजपुर निवासी युवक के साथ तय किया था। लेकिन, गांव के ही सद्दाम उर्फ जलील अहमद और उनके बेटे जहीर अहमद ने पुरानी रंजिश के चलते इस रिश्ते को तोडने की साजिश रची। पीड़िता पिता के मुताबिक, एक जून को सुबह 10 बजकर 30 मीनट पर सद्दाम ने फर्जी नाम रिजवान का इस्तेमाल कर उनके होने वाले दामाद को फोन किया, फोन पर सद्दाम ने युवती के बारे में झूठी और अपमानजक बातें कही, कि वह 25 दिन तक घर से गायब रही। उसका मकसद युवती का बदनाम कर रिश्ता तुड़वाना था। जब पिता ने सद्दाम से इस बारे में पूछताछ की, तो सद्दाम और उसके बेटेने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं उन्होने धमकी दी कि जहां भी युवती का रिश्ता तय होगा, वहां फोन कर उसे बदनाम करेंगे। इस घटना से युवती और उसका परिवार सदमें में है, और रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच गया है। लड़की के पिता के पास सद्दाम की फोन कॉल की रिकॉर्डिंग मौजूद है, जिसे उन्होंने सबूत के तौर पर पुलिस को देने की बात कही। पीड़ित ने बहेड़ी थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि रिकॉर्डिंग और अन्य सबूतों की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मुंह बोले चाचा ने रिश्तों को किया शर्मसार 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म करके फरार

**पड़ोस में रहने वाले एक 35 वर्षीय युवक ने 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर इंसानियत को कलंकित कर दिया, बच्ची आरोपी को चाचा कहकर बुलाती थी**

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। कहते हैं पड़ोसी अपनों से बढ़कर होता है परेशानी में पड़ोसी ही सबसे पहले साथ आता है, मगर यहां पड़ोस में रहने वाले मुंह बोले चाचा ने 7 साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी कर पड़ोसी शब्द को ही कलंकित कर दिया।मामला बारादरी थाना क्षेत्र का है जहां, एक 35 वर्षीय युवक ने पड़ोस में रहने वाली 7 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर इंसानियत को कलंकित कर दिया। बच्ची आरोपी को चाचा कहकर बुलाती थी और अक्सर उसके घर खेलने जाया करती थी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम करीब पांच बजे मासूम बच्ची रोज की तरह खेलने पड़ोस में गई थी। कुछ देर बाद जब वह घर लौटी, तो उसकी हालत देखकर मां हैरान रह गई। बच्ची के कपड़े अस्त-व्यस्त थे और उसके शरीर पर खून के निशान भी दिखाई दे रहे थे।

मां के पूछने पर बच्ची ने हिम्मत जुटाकर पूरी आपबीती सुनाई। उसने बताया कि जिस युवक को वह चाचा कहती थी, उसने उसके साथ दरिंदगी की है। यह सुनते ही महिला के पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला ने शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया और आरोपी के घर पहुंची, लेकिन तब तक दरिंदा वहां से भाग चुका था। इसके बाद पीड़िता की मां बारादरी थाने पहुंची और पूरे मामले की जानकारी दी।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और आरोपी की तलाश में टीमें गठित कर दी हैं। इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडेय के अनुसार, फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है और लोग आरोपी को फौरन गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

# ससुरालियों द्वारा महिला व उसके बच्चों के साथ मारपीट

नेशनल एक्सप्रेस

बहेड़ी। कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति ने करीब एक वर्ष पूर्व उसे दहेज की मांग पूरी न होने के कारण घर से निकाल दिया था और तभी से अपने मायके में रह रही है। घटना बीते 29 अप्रैल शाम करें 5:00 बजे की है जब उसे जानकारी हुई कि उसके पति ने किसी और औरत को अपने घर में पत्नी बनाकर रख रखा है तो वह अपने तीनों बच्चों के साथ ससुराल पहुंची तभी उसके पति, ससुर तथा बड़े देवर ने मिलकर घर में घुसते ही गंदी-गंदी गालियां देते हुए लात घूसों से मारना पीटना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि उसके पति ने उसे जमीन पर पटक कर जान से करने की नीयत से गला दवा दिया तथा उसे बचाने आए उसके बच्चों को भी उक्त तीनों ने बेरहमियों से मारा पीटा। महिला ने आरोप लगाया कि उसके देवर ने इस दौरान उसके साथ अश्लील हरकत कर बलात्कार करने का प्रयास किया। मैं डर के मारे अपनी ससुराल से जान बचाकर भागी इस दौरान उक्त सभी ने महिला का पीछा किया और उसे धमकी दी कि अगर कहीं कोई शिकायत की तो वह उसे जान से मार देंगे। महिला वा उसके बच्चों के शरीर में खुली चोटें आई थी।महिला ने उक्त सभी पर कानूनी कार्रवाई हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य को शिकायती पत्र दिया है।

कप्तान के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने महिला के पति इलियास, ससुर लइक अहमद, देवर दिलशाद दिलशाद के दोस्त बंटू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी जानकारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




अमरोहा। विकसित कृषि संकल्प अभियानह्व के अन्तर्गत अमरोहा जनपद के जोया ब्लॉक के ग्राम शाहपुर, फरीदपुर उर्फ नसीरपुर एवं श्यामपुर, गंगेश्वरी ब्लॉक के ग्राम बांस की मढैया, बांस का कलां एवं बांस का खुर्द, ब्लॉक धनौरा के मलकपुर भूड़, कमेलपुर तथा लहाडवार में कृषि विज्ञान केंद्र एवं केंद्रीय गौ वंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ के वैज्ञानिकों तथा कृषि, गन्ना, उद्यान, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की तीन संयुक्त टीमों ने किसानों को खरीफ फसलों, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, गन्ना के साथ सहफसली खेती फसल सुरक्षा, पशुपालन सम्बन्धी समस्याओं के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गौवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ.सुनील कुमार, डॉ.प्रमोद सिंह एवं डॉ.रविन्द्र कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. एके मिश्र, डॉ.शीशपाल सिंह, डॉ.अमित तोमर, डॉ. हादी हुसैन खान आदि मौजूद रहे।

# शराब पीने को नहीं दिए रुपये, पति ने पत्नी को किया जख्मी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गजरौला। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को उसके पति ने शराब पीने को पैसे न देने पर पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पखरौला हाशमपुर निवासी शिवानी का पति विजेंद्र शराब पीने का आदी है और आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता है। रविवार को विजेंद्र शराब पीकर घर पर आया और हंगामा करने लगा। अपनी पत्नी से शराब पीने के लिए और पैसे मांगने लगा। शिवानी ने पैसे देने से मना कर दिया तो विजेन्द्र ने लाठी डंडों से हमला करके पत्नी शिवानी को घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों ने शराबी के चंगुल से पत्नी को बचाया। सोमवार को घायल शिवानी ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने इस प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने चैकिंग के दौरान पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना उत्तर पुलिस ने चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित देशराज सिंह पुत्र स्व0 दर्शन सिंह निवासी ममता नगर नई आबादी रहना थाना उत्तर फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना पर पंजीकृत पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त है।

### पुत्रवधू पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने अपनी पुत्रवधू पर जानलेवा हमला करने वाले वांछित 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 07 जून 2025 को वादिया ने थाना उत्तर पर तहरीर दी गयी कि राजा उर्फ हरिश्चंद पुत्र स्व0 जसबन्त (पति), ईशू पुत्र जसबन्त (देवर), सोनी उर्फ सुनीता पत्नी जसबन्त (सास) निवासी टापाखुर्द थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद और अवनीश पुत्र नामालूम निवासी नामालूम द्वारा एकराय होकर वादिया के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करना तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गए है। इस संबंध में थाना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में थाना उत्तर पुलिस ने चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित अवनीश उर्फ रंजीत पुत्र अरूण कुमार निवासी टापाखुर्द थाना उत्तर, ईशू सिंह पुत्र जसबन्त सिंह निवासी टापाखुर्द और सोनी उर्फ सुनीता पत्नी जसबन्त सिंह निवासी टापाखुर्द को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी थाना पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्त है।

### दो अभियुक्त अवैध तमंचा और पौनिया के साथ गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूण्डला। थाना टूण्डला पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को एक अवैध पौनिया, एक अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अवैध असलाह रखने वाले अपराधियों की गिरफ़्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में टूण्डला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंजेश कुमार उर्फ मंजू पुत्र स्वः राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भीकनपुर सदासुख थाना नारखी और गौरव पुत्र जयवीर सिंह निवासी ग्राम हवीपुर थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को दिनौली रोड थाना क्षेत्र टूण्डला फिरोजाबाद से एक पौनिया 315 बोर, एक अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है।

# राहगीरों को गर्मी में पिलाया शरबत

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




गजरौला। तपती धूप और गर्मी से राहगीरों को राहत दिलाने के लिये युवा समाजसेवियों के माध्यम से नगर के इंदिरा चौक पर ठंडे शरबत का वितरण किया गया।

शरबत पीकर राहगीरों को तपती धूप से राहत मिली। राहगीरों ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की।

इस मौके पर विक्रांत चौहान, संजीव शर्मा , हरिओम कश्यप, दिनेश शर्मा , राजीव शर्मा, सरताज अहमद सभासद, केतन चौधरी, जितेंद्र सिंह, कुलदीप देवल, राजू प्रजापति, सचिन प्रजापति, रवि चौधरी, काविंद्र सिंह, दीपक चैहान, नितिन चौहान, महेश कुमार आदि सहित समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्राओं के उत्पीड़न मामले में प्राचार्य ने विभागाध्यक्ष से मांगे बिंदुवार जवाब

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

शिकोहाबाद । नारायण महाविद्यालय की एमएससी फाइनल की कुछ छात्राओं के उत्पीड़न के मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य ने आरोपी विभागाध्यक्ष को नोटिस जारी कर उनसे बिंदुवार जवाब मांगा है लेकिन जंतु विभाग के विभागाध्यक्ष ने प्राचार्य के नोटिस को रिसीव नहीं किया है। प्राचार्य ने नोटिस की कॉपी व रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी, क्षेत्रीय शिक्षाधिकारी को भेजी है। नारायण महाविद्यालय की एमएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने तत्कालीन जंतु विभाग के विभागाध्यक्ष रवि कुमार पर आरोप लगाया कि शिक्षक ने फेल करने की धमकी देते हुए छात्राओं के अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए थे। छात्राओं ने शिकायती पत्र के माध्यम से शिक्षक पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एसडीएम को एक गुमनाम शिकायती पत्र भी भेजा था, जिसके बाद हड़कंप मच गया था। गुमनाम पत्र से छात्राओं के आरोपों के बाद से एचओडी डॉ रवि महाविद्यालय से गायब हो गए थे। वहीं एसडीएम ने शिकायती पत्र को पुलिस को सौंपकर मामले की जांच के निर्देश भी दिए थे। पुलिस ने महाविद्यालय में छात्राओं के बयान दर्ज करने के लिए नोटिस चस्पा किया था, लेकिन एक माह बाद भी शिकायतकताओं ने बयान दर्ज नहीं कराए गए । पुलिस ने आरोपी शिक्षक से पूछताछ करने का प्रयास किया था । पुलिस ने शिक्षक को दस जून तक बयान दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

# गांधी उद्यान मुस्लिम महिला से अभद्रता करने वाला हैदरी दल गैग पुलिस की रडार पर



**गांधी उद्यान में आपत्तिजनक वीडियो वायरल, कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

नेशनल एक्सप्रेस

बरेलीः सोशल मीडिया पर सूचना के माध्यम से ईद के दिन गांधी उद्यान में कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक युवक द्वारा आपत्तिजनक हरकत करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर ₹सूफियाना₹ फेसबुक आईडी से हैदरी दल बरेली सक्रिय है जिस पर एक वीडियो पोस्ट किया गया है। जिसमें हैदरी दल से जुड़े कई कार्यकर्ता के साथ एक युवक अपने ही समुदाय की बुरखा पहने युवती के साथ बदसलुकी करते नजर आ रहा हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वतः संज्ञान में लिया और संबंधित आईडी धारक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ऐसे किसी भी शख्स को बक्सा नहीं जाएगा जो समाज में विकृति उत्पन्न कर रहे हैं।

# दो वांछित आरोपी गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

सम्भल रजपुरा। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व जनपद सम्भल में रविवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में 02 वांछित अभियुक्त थाना रजपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आपको बताते चलें कि थाना रजपुरा पर पीड़ित मुकीम पुत्र वीरआलम निवासी कस्बा व थाना रजपुरा जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षीगण द्वारा वादी व उसके भाई के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करना जिससे पीड़ित के भाई का गम्भीर रुप से चोटिल हो जाना के सम्बन्ध में थाना रजपुरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।रविवार को थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा मु0 मे वांछित अभियुक्त. पूरन, सोनू को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सैण्डोरा रोड चन्द्रकेश्वर मंदिर के पास से उ0नि0 राकेश बाबू थाना रजपुरा जनपद सम्भल,का0 पूरन सिंह,का0 राहुल यादव, हो०गा० शेर सिंह के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया।

## फेसबुक की दोस्ती का खौफनाक अंत

# शादी की जिद पर प्रेमिका की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार

### एएसपी अनुकृति शर्मा ने सीओ दीपक कुमार तिवारी के साथ किया खुलासा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

सम्भल। थाना जुनावई, प्यार, धोखा और फिर खौफनाक अंत की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां फेसबुक के जरिए शुरू हुई एक दोस्ती ने एक महिला की जान ले ली। शादी की जिद पर अड़ी अपनी प्रेमिका को उसके प्रेमी ने ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया और शव को पेड़ से लटका दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके दो दोस्त अभी भी फरार हैं। इस पूरे मामले का खुलासा एएसपी अनुकृति शर्मा दक्षिणी ने किया।



**नाखुश शादीशुदा जिंदगी, फेसबुक पर नया रिश्ता:** जुनावई थाना क्षेत्र के एक गांव की है। करीब एक साल पहले महिला की शादी रजपुरा थाना क्षेत्र के दीपपुर गांव के अंकित कुमार से हुई थी। लेकिन वह अपनी ससुराल से नाखुश थी और अपने मायके में रह रही थी। इसी दौरान फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती अलीगढ़ जनपद के दादों थाना अंतर्गत गोबला लहरा सलेमपुर गांव निवासी नीटू पुत्र वीरेंद्र से हो गई। यह दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई और दोनों मिलने लगे।

**शादी की जिद और धमकी बनी मौत का कारण:** महिला अपने प्रेमी नीटू के साथ शादी करने की जिद पर अड़ गई। परिजनों द्वारा 29 और 30 मई को ससुराल जाने को कहने पर भी वह नहीं गई और उनके साथ मारपीट भी हुई। 31 मई को नीटू जुनावई आया और महिला को अपने साथ गुड़गांव ले गया। वहां उसने महिला को समझाने की कोशिश की कि वह एक-दो दिन में गुड़गांव में रहने की व्यवस्था कर लेगा, लेकिन महिला शादी की जिद पर अड़ी रही। उसने नीटू को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी।

### आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

जुनावई पुलिस ने रविवार को आरोपी नीटू को गुन्नौर बदायूं हाईवे पर ग्राम फतेहपुर को जाने वा ले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मृतक महिला की चप्पल भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके दो दोस्त रंजीत कुमार और संजीत कुमार अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।फेसबुक पर हुई दोस्ती, प्यार में बदली, और फिर शादी की जिद और धमकी ने एक महिला की जिंदगी छीन ली।

### शव मिलने के बाद खुला राज

महिला 1 जून से अपने पिता के घर से गायब थी। 3 जून को गुन्नौर क्षेत्र के सैंजना में एक खेत में पेड़ पर लटका हुआ एक महिला का शव मिला, जिसकी पहचान उसी लापता महिला के रूप में हुई। पिता की तहरीर पर पहले गुमशुदगी दर्ज की गई थी, लेकिन शव मिलने के बाद नीटू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

### दोस्तों के साथ मिलकर की हत्या

महिला की धमकियों से डरकर नीटू ने उसे रास्ते से हटाने का खौफनाक प्लान बनाया। वह महिला को गुड़गांव से वापस गुन्नौर ले आया। वहां से उसने अपने ही गांव निवासी दोस्त रंजीत कुमार और संजीत कुमार को सैंजना के जंगल में बुला लिया। तीनों ने मिलकर पहले महिला का गला घोंटा और फिर शव को खेत में खड़े शीशम के पेड़ से रस्सी से लटका दिया। इसके बाद तीनों मौके से फरार हो गए।

# शिवाजी व्यक्ति के रूप में सगुण आदर्श : विजय मार्तण्ड

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**



चंदौसी। रविवार को सुभाष शाखा पर हिन्दू साम्राज्य दिवस मनाया गया. जिसमे मुख्य वक्ता विजय मार्तण्ड रहे उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा प्रतिवर्ष आनेवाले इस हिंदूसाम्राज्य दिनोत्सव का आज विशेष आयोजन है। अपना संघ कार्य 99 वाँ वर्ष पार करके 100 वें वाल में चल रहा है। इतना लम्बा समय कोई कार्य करते करते जब बीत जाता है, पांचवी पीढियाँ बीत कर अब छठी पीढी काम कर रही है, तो जो कार्यक्रम है, जो आचार है, उसके पीछे विचार क्या है इस का फिर स्मरण करना आवश्यक रहता है। बिना विचार के केवल कर्मकांड जैसा हम कुछ करते रहें तो परिश्रम तो होता है, लेकिन उसका परिणाम नहीं निकलता। समय आगे चलता चला जाता है तो कई बातों के बारे में जानकारियाँ लुप्त हो जाती हैं। तो फिर मन में कई प्रकार के प्रश्न पैदा हो सकते हैं और उस के चलते उनका उत्तर अगर नहीं मिला तो जो उपयुक्त आचार है उस के बारे में अश्रद्धा उत्पन्न होने की भी संभावना रहती है। और उस का संदेश स्वयंसेवकों में तो ठीक से जाये ही लेकिन संपूर्ण समाज में इसका संदेश जाये, उनके बुद्धि में जायें, वहाँ से उनके हृदय में उतरे और वहाँ से प्रत्येक व्यक्ति के आचरण में प्रकट हो। संघ का यह उद्यम बढाने के प्रयासों में हम लोग समझ कर सहभागी हो, इतनी बात कहते हुए मैं अपने चार शब्द समाप्त करता हूँ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप ने की जबकी मार्गदर्शन सम्भल जिले के सह शिक्षण प्रमुख विजय का प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक डा0 विवेक रहे, अमृत वचन दिवाकर और एकल गीत गोपाल का रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ब्रज किशोर, सुशील, मुदित, दीपक कपूर का विशेष सहयोग रहा जबकि कार्यक्रम में प्रदीप विसारिया, संदीप अक्षत, अभिषेक, अशीष आदि की सहभागिता रही।

# भाजपाइयों ने चौपाल लगाकर गिनाई सरकार की उपलब्धियां, दर्जनों ग्रामीण भाजपा में शामिल

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



संभल/गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदपुर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा एक चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने सरकार की उपलब्धियों को ग्रामीणों के सामने रखा। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण इकट्ठा हुए और सरकार के कार्यों की सराहना की।मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने बताया कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र पर आगे बढ़ रही है और किए गए सराहनीय कार्यों को देखते हुए लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला।

बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, फरीदपुर गांव के तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने भाजपा के साथ मिलकर काम करने की शपथ ली और पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त की। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए कार्यों की जमकर सराहना की।इस मौके पर समाजसेवी राकेश यादव 'रावण', अरुण यादव (प्रधान पति), कालीचरण, जयपाल यादव, रामखिलाड़ी यादव, अतुल यादव उर्फ राजू यादव, वरुण यादव, गुमानी यादव सहित कई दर्जन लोग मौजूद रहे।

# महिला ने गुम हुए बैग को पाकर पुलिस की करी भूरी-भूरी प्रशंसा



**नेशनल एक्सप्रेस विंटू शर्मा**

बहजोई । रविवार को थाना बहजोई पर अंजु पत्नी सौरभ कुमार निवासी नजीबाबाद जनपद बिजनौर द्वारा सूचना दी गयी कि वह नजीबाबाद से कस्बा बहजोई जनपद सम्भल आयी थी। बस स्टैण्ड से उसने ई- रिक्शा किराये पर कर ई- रिक्शा से अपने भाई ओमबाबू उपरोक्त के घर आयी थी, किन्तु उसका बैंग ई रिक्शा में छुट गया। बैंग में इसकी ज्वैलरी (सोने की चैन, सोने के कान के बूंदे, 01 अंगुठी सोने की कीमत लगभग 250000 रुपए, 4000 रुपए नकद व 01 फोन ओपो था। थाना बहजोई पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए ई- रिक्शा की सीसीटीवी चैक कर व ई रिक्शा चालको से पूछताछ करते हुए ई रिक्शा को तलाश किया गया तथा ई रिक्शा से अंजु का बैग सकुशल बरामद कराया गया, बैग को चैक कर मय समस्त सामान के अंजु के सुपुर्द किया गया जिसको पाकर पीड़िता द्वारा पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस दौरान प्र०नि० हरीश कुमार,नि०अ० अजीत सिंह, हे०का प्रवेश कुमार, का0 हरेन्द्र कुमार, मङ्ग का० प्रियंका साथ रहे।

# स्पार्किंग से कंटेनर में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह**

चंदौसी में रविवार को शाम 4 बजे बदायूं रोड के पैराडाइज होटल के पास एक कंटेनर में घरेलू सामान था जिसमे शॉट सर्किट से आग लग गई और उसके रखा सामान जलकर राख हो गया ' कंटेनर चालक नफीस जोकि नगर के लक्ष्मणगंज चन्दौसी का रहने बाला है उसने बताया कि वह देहरादून से सुबह लोकेश कुमार सैनिक के साथ सामान भरकर चला था। वहीं जब वह चन्दौसी पहुंचा तो किसी काम से थोड़ी देर के लिए घर चला गया।



घर से काम निपटाने बाद से वापस आया तो पीछे से आ रहे राहगीरों ने चालक को पीछे कंटेनर से धुंआ निकलने की जानकारी दी। चालक ने तुरंत कंटेनर रोका और पीछे जाकर देखा तो गाड़ी के अंदर से बहुत ही विकराल रुप में बाहर निकली। नफीस ने अपनी व सैनिक की सूझबूझ पर कंटेनर को हाइवे से हटाकर एक खाली स्थान पर ले जाकर खडी कर दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने फायर सर्विस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पाया गया।

वहीं सूचना पर थाना बनियाठेर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आग लगने की जानकारी सैनिक ने अपने अधिकारी को दी।कंटेनर के अंदर घरेलू सामान था उसके साथ-साथ एक कार भी थी कार में बैटरी में स्पार्किंग होने की वजह से आग लगना बताया गया है यह जानकारी प्रभारी ओमकार सिंह द्वारा दी गई है।

# बच्चा तलाश कर माता पिता को किया सुपुर्द

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



बहजोई। थाना बहजोई पर पीड़ित जयप्रकाश पुत्र बुद्ध सिंह कुशवाह निवासी ग्राम बिचौला थाना बहजोई जनपद सम्भल ने एक प्रार्थना पत्र दिनांक, 06.06.2025 को समय करीब दोपहर 02.00 बजे अपने पुत्र उम्र करीब 12 वर्ष के गांव में खेलने जाने व वापस घर नही आने के सम्बन्ध में दिया।

उक्त सूचना पर टीम गठित कर उच्चाधिकारीगण द्वारा बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बच्चे की तलाश में रवाना किया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा कडी मशक्कत करते हुए आसपास के क्षेत्रों, सीसीटीवी व लोगों से पूछताछ करते हुए अथक प्रयास के बाद बच्चे को तलाश कर उसके माता पिता के नियमानुसार सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट ने किया सुंदरकांड पाठ

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी रविवार को स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट द्वारा चंदौसी के संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर में 1137 वा संगीतमय में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया ' सर्वशप्रथम डॉ बाईङ्ग पी जोशी के द्वारा विधिविधान पूजा अर्चना कर संपन्न कराया के जी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना सरस्वती वंदना हनुमान चालीसा बजरंग बाण आदि का मनोहरी वाचन किया आयोजन के उपरांत मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण बदल दिया वहीं के शर्मा ने भजनों की श्रृंखला में सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए है वहीं मुकेश आचार्य ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में व सीमा चटर्जी ने मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है आदि भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए ' आयोजन में बाई पी जोशी, जेएन मिश्रा, योगेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा ,प्रवीन मोहन तिवारी ,गंगाराम शर्मा सच्चिदानंद शर्मा, सुदर्शन अग्रवाल ,राकेश गुप्ता ,बृजेश कुमार वार्ष्णेय ,कपिल शर्मा, टी सी शर्मा मनोज शर्मा, गुलशन अरोड़ा ,श्याम यादव ,आदि मौजूद रहे।

# 204 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का हुआ आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल।रविवार को जनपद सम्भल में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 204वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेला सत्रों पर 37 चिकित्सकों एवं 137 पैरा-मेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 3114 रोगियों (पुरुष रोगी- 1224; महिला रोगी- 1157 एवं 733 बच्चों) का निःशुल्क उपचार गया। समस्त मेला सत्रों पर आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अन्तर्गत 147 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड तथा 255 आभा आई.डी. बनाये गये। जनपद में आयोजित समस्त मेला सत्रों पर बुखार के 205, चर्म रोग के 387, दमा के 336, मधुमेह रोग के 91, नेत्र रोग से सम्बन्धित 22, उच्च रक्तचाप के 95 तथा अन्य रोगों के मरीज देखे गये। बुखार के सम्बन्ध में 21 मरीजों की मलेरिया की तथा 14 रोगियों की डेंगू की जाँच की गयी; जिसमे सभी सन्दिग्ध रोगियों की रिपोर्ट नकारात्मक (ठीं३५ी) रही।

जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन (फैमिली प्लॉनिंग) सम्बन्धी परामर्श व परिवार नियोजन सम्बन्धी सामग्री (चॉइस ऑफ बॉस्केट) के लिये अलग से काउन्टर बनाये गये।जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं के द्वारा सोर्स रिडक्सन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरुक किया गया तथा एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत 416 व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ो परामर्श भी दिया गया।

## संपादकीय

# जश्न में मातम

**ओफ्फ!** यह क्या हो गया? एक और भगदड़ और जमीन पर लाशों का जमावड़ा! यह तो जश्न मनाने का क्षण था। आखिर भीड़ की प्रिय रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम ने आईपीएल का पहला खिताब जीता था। लंबे 18 सालों का इंतजार टूटा था और असंख्य लोगों का सपना साकार हुआ था। आरसीबी के धुर प्रेमी, समर्थक, प्रशंसक अपने महानायक विराट कोहली और विजेता टीम के चेहरों के दीदार करने को आकुल थे, लेकिन जश्न के वे लम्हे देखते ही देखते मातम में तबदील हो गए। एक बार फिर भीड़ में भगदड़ मची और 11 जिंदगियां थम गईं। करीब 75 लोग घायल हुए, जिनमें से 33 को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। कुछ को ओपीडी में देखकर ही इलाज कर दिया गया, लेकिन अस्पताल में कुछ की हालत गंभीर भी बताई गई है। बहरहाल एक बार फिर भीड़ बेकाबू हुई है, पुलिस और प्रशासन के अनुमान नाकाम साबित हुए, नतीजतन जश्न 'जानलेवा समारोह' बन कर रह गया। स्टेडियम में 35-37,000 लोगों के बैठने की क्षमता है, लेकिन बताया गया है कि आठ लाख से अधिक की भीड़ स्टेडियम के बाहर, इर्द-गिर्द, जमा हो गई थी। सडक़ों पर जन-समुद्र का आभास हो रहा था। दरअसल भारत में अब भी भीड़ के प्रबंधन को लेकर व्यापक नासमझी है। भगदड़ में कौन कुचला गया, कौन मारा गया, वह था-आम आदमी, जिसकी जिंदगी बेहद सस्ती है। प्रयागराज महाकुंभ और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की उन भगदड़ों के भयानक दृश्य आंखों के सामने कौंधने लगे हैं। सुपर स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' का प्रीमियर हैदराबाद में था। उसमें भी भगदड़ मची और मौतें हुईं। अल्लू को जेल में डाल दिया गया था। बेंगलुरु हादसे की आपराधिक जिम्मेदारी किस पर थोपी जाएगी? उप्र के हाथरस में भक्तगणों की भीड़ 'नारायण साकार' की चरण-रज लेने को उमड़ पड़ी थी, नतीजतन 121 मौतें हो गईं। किसी विशिष्ट व्यक्ति का बाल भी बांका नहीं हुआ। जग-दिखावे को कुछ गिरफ्तारियां की गईं अथवा कमेटियां बनाई गईं और फिर नई भगदड़ की प्रतीक्षा की जाने लगी। बेंगलुरु क्रिकेट स्टेडियम के बाहर जो त्रासदी पसर गई, मेट्रो ट्रेन भी खचाखच भरी रही, दीवानगी और पागलपन के शिकार युवा पेड़ों पर चढ़े रहे और बस की छत पर सवार होकर स्टेडियम तक पहुंचे।

हर जगह जिंदगी दांव पर लगी रही। बेशक आम भारतीय क्रिकेट को धर्म की तरह मानता है, लेकिन ऐसा उतावलापन, उत्तेजना और उन्मादी स्वभाव भी उचित नहीं, क्योंकि भीड़ की अंतिम परिणति भगदड़ है और भगदड़ मौत का लाइसेंस है। अब भीड़ को खुद ही अपनी जिंदगी की रक्षा पर सोचना पड़ेगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जिस न्यायिक जांच की घोषणा की है, उसका कोई निष्कर्ष 15 दिन में आएगा या नहीं, अतीत के उदाहरणों के मद्देनजर हम सोच सकते हैं। वैसे जिंदगी की कीमत तो 10 लाख रुपए सरकार ने तय कर ही दी है। बुनियादी सवाल तो यह है कि यह जश्न मनाने का फैसला क्यों किया गया? गनीमत है कि खुली बस में 'विक्ट्री परेड' का आयोजन करने पर पुलिस ने असमर्थता जता दी, लिहाजा स्टेडियम में ही स्वागत-समारोह आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक आदि मौजूद थे, लिहाजा हम इस हादसे को सरकार का ही 'आपराधिक कृत्य' मानते हैं। इस आयोजन को टाला जा सकता था। एक अदद क्रिकेट मैच कराना हो, तो संबद्ध विभागों की हरी झंडी लेने में औसतन 2-3 माह लग जाते हैं। तो फिर यह आयोजन कुछ ही घंटों में, आनन-फानन में, क्यों किया गया? जाहिर है कि सरकार को दिखावा करना था। भीड़ कोई ऊपर से तो टपकती नहीं है। बाकायदा खुफिया और प्रौद्योगिकी के जरिए जानकारी मिल जाती है कि कितनी भीड़, कहां से, आ सकती है। राज्य में पुलिस आंतरिक सुरक्षा की भी नियमित बैठकें करती रहती है, लिहाजा बेंगलुरु में भीड़ को नियंत्रित न कर पाना भी एक अपराध है। बहरहाल अब इस त्रासदी पर भी राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के इस्तीफे मांगे हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दुख जताया है, लिहाजा मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना भी प्रकट की है। बहरहाल इस त्रासदी को आराम से टाला जा सकता था, लिहाजा भीड़-नियंत्रण पर पुलिस का प्रशिक्षण बहुत जरूरी है। इस मामले में जिम्मेवारी तय करके ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

# डॉ. रामअवतार किला: जिनकी हर पात में सेवा एवं संवेदना की झंकार हैं



ललित गर्ग

'अक्षय सेवा' के संयोजक डॉ. रामअवतार किला पिछले दो दशकों से जरूरतमंद मरीजों को परामर्श, दवा एवं ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराने में सतत रूप से कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में चलाए जा रहे 'हॉस्पिटल फूड ड्राइव' के अंतर्गत अप्रैल 2017 से दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पतालों एम्स, सफदरजंग, राममनोहर लोहिया एवं 2023 से लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रतिदिन लगभग 2500 लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. किला के नेतृत्व में गत आठ वर्षों में अब तक 70 लाख से अधिक लोगों को इस पहल के अंतर्गत भोजन वितरित किया जा चुका है।

आप एक सेतु बन सकते हैं, जीवन-मुस्कान का, जिन्दगी बचाने वाला एवं सेवा करने वाला पुल। हम एक साथ मिलकर जीवन को बचा सकते हैं, जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं, अंधेरों के बीच रोशनी बन सकते हैं। इसी सोच के साथ 'अक्षय सेवा' के संयोजक डॉ. रामअवतार किला पिछले दो दशकों से जरूरतमंद मरीजों को परामर्श, दवा एवं ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराने में सतत रूप से कार्यरत हैं। उनके नेतृत्व में चलाए जा रहे 'हॉस्पिटल फूड ड्राइव' के अंतर्गत अप्रैल 2017 से दिल्ली के प्रमुख सरकारी अस्पतालों एम्स, सफदरजंग, राममनोहर लोहिया एवं 2023 से लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के बाहर प्रतिदिन लगभग 2500 लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. किला के नेतृत्व में गत आठ वर्षों में अब तक 70 लाख से अधिक लोगों को इस पहल के अंतर्गत भोजन वितरित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, एम्स पावरग्रिड विश्राम सदन सहित देश के छह अन्य शहरों पटना, लखनऊ, झज्जर आदि में रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए 2000 से अधिक बिस्तरों की विश्राम सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। ऋषिकेश में निर्माणाधीन 'माधव सेवा विश्राम सदन', जिसमें 500 बिस्तरों की व्यवस्था होगी, जो जल्द ही जनसेवा के लिए समर्पित किया जाएगा। इस तरह डॉ. किला जिन्दगियों को बचाने वाले खूबसूरत पुलों का निर्माण करते हैं। उनकी जिन्दगी की हर पात में सेवा एवं परोपकार की झंकार सुनी जा सकती है।

समय की शिला पर मान, यश, सृजन-सेवा, निष्ठा-आस्था से भरी अनूठी कहानी हैं डॉ. रामअवतार किला की। प्रख्यात समाजसेवी,, गौसेवक, कर्मयोद्धा एवं जुझारू व्यक्तित्व के धनी डॉ. किला एक प्रसिद्ध चार्टर्ड एकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी एवं कॉर्पोरेट सलाहकार हैं, जिन्होंने अपने कैरियर में वित्तीय परामर्श और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। मूल रूप से राजस्थान के चुरू जिले से ताल्लुक रखने वाले डॉ. किला वर्ष 1977 में उच्च अध्ययन एवं कैरियर निर्माण के उद्देश्य से दिल्ली आए। उन्होंने वर्ष 1982 में कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) तथा 1983 में चार्टर्ड एकाउंटेंसी (सीए) की डिग्रियां प्राप्त की। वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अपनी अद्वितीय व्यावसायिक दक्षता, ईमानदारी एवं दूरदर्शिता के बल पर डॉ. किला ने 'परफेक्ट ग्रुप' के माध्यम से कॉर्पोरेट परामर्श में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वह वर्तमान में परफेक्ट ग्रुप के चेयरमैन हैं। इसके अतिरिक्त वे कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के साथ सक्रिय भूमिका में जुड़े हुए हैं। वे समाज एवं परिवार के लिए एक प्रेरणा हैं, साहस के प्रतीक हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज सेवार्थी एवं परोपकारी व्यक्तित्व हैं। वक्त के अलग-अलग अवसरों पर इस दिव्य व्यक्तित्व की कहानी को सब कोई घटते हुए देख रहे हैं, एक इतिहास बनते हुए देख रहे हैं, एक सृजनात्मक जीवनगाथा को गुंथते हुए देख रहे हैं। डॉ. किला एक अनूठा एवं विलक्षण व्यक्तित्व है, जो उन्हें ठीक लगता है, वही करते हैं। वे बेचैन रहते हैं किसी के अभाव को देखकर। वे खिल उठते हैं किसी की मुस्कान को देखकर।

जैसे सूर्य की किरणें निर्ब्याज भाव से सभी को आलोकित करती है, ऊष्मा पहुंचाती है और चांद की किरणें सभी जगह फैलती है तथा सभी को अपने धवल-शीतल आगोश में सहलाती और तापमुक्त करती है, कुछ ऐसा ही व्यक्तित्व है डॉ. किला का। उनके ज्ञान, सेवा और स्नेह की निर्ब्याज और सतत प्रवाहित स्रोतस्विनी में जिसे भी एक बार



अवगाहन करने का सुयोग मिला, वह इस अनुभूति से कृतार्थता का अनुभव किए बिना नहीं रह सका। उनके सान्निध्य से आदमी अचानक तापमुक्त और ऊंचा अनुभव करने लगता हैं। डॉ. किला को देखकर ही मैंने जाना कि आदमी इतना बड़ा होकर भी इतना निरहंकारी, सादगीमय एवं सरल होता है। उन्होंने अपने कर्म क्षेत्र में अनेक नये आयाम गढ़े और वित्त के क्षेत्र को भी अनेक रचनात्मक दिशाएं दी हैं।

गरीब एवं निर्धन वर्ग की सेवा में समर्पित डॉ. किला जैसे व्यक्तित्व विरल होते हैं, जिनकी सारस्वत साधना की सुरभि चतुर्दिक व्याप्त है तथा जिनकी यशोपताका सर्वत्र फैली हुई है, तथापि जो अपने व्यक्तित्व को सर्वथा सहज, अकृत्रिम एवं निष्कलुष बनाकर रखे हुए है। मधुरभाषी, व्यवहारकुशल, कुशल प्रशासक, जीवनदृष्टि को समझने में सजग एवं पटु डॉ. किला का जीवन समाजसेवा एवं संवेदनाओं से सराबोर है। 'कभी नहीं हारेगी जिन्दगी' के संकल्प के साथ जरूरतमंदों एवं अभावग्रस्त लोगों की जिन्दगी में रोशनी बनने वाले डॉ. किला 'भाऊराव देवरस सेवा न्यास' के संस्थापक ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष है। डॉ. किला की प्रकृत-ऊर्जा विलक्षण हैं। वे कितने सारे सामाजिक, धार्मिक अनुष्ठानों, जिम्मेदारियों और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े हैं कि सेवा एवं परोपकार की कितनी शाखाओं और कितनी धाराओं से उनका परिचय रहा, यह देखकर आश्यचर्यचकित रह जाना पड़ता है। उनकी ज्ञान-पिपासा, कर्मठता और निरालस्य सजगता युवकों को चुनौती देने वाले गुण हैं। वे एक समर्थ सामाजिक कार्यकर्ता, चिंतक, मर्मज्ञ और संस्कृतिपुरुष के रूप में एक प्रेरणास्रोत बने हुए हैं।

डॉ. किला शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वे 'अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच दक्षिणी दिल्ली' के संस्थापक अध्यक्ष हैं। मंच के तत्वाधान में राजस्थान से आने वाले छात्रों के लिये सुपर 30 कार्यक्रम के रूप में संचालित छात्रावास का संचालन करने के साथ ही सीए किला पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से सैकड़ों चार्टर्ड अकाउंटेंट और एमबीए छात्रों का मार्गदर्शन भी कर रहे हैं। निम्न वर्ग के विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क भोजन, आवास एवं शिक्षा की सुविधा भी प्रदान की जाती है व राष्ट्रीय स्तर पर रक्तदान, कैलिपर कैम्प, क्लेफ्ट लिफ्ट, अंगदान और पोलियो उन्मूलन शिविर आदि जैसे विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। वे बड़े से बड़ा कार्य करते हैं लेकिन किसी सामान्य या छोटा-सा काम करने में जरा सा संकोच नहीं करते। अपने उच्च-स्थान का लाभ उठाने का लोभ उन्हें छू भी नहीं पाया। वे जो कुछ हैं, अपनी प्रतिभा, जिजीविषा, संकल्प, भक्ति और संघर्षजन्य शक्ति के बल पर हैं। उन्हें जीवन में अनेक बार कटु अनुभव भी हुए थे, किन्तु उनके व्यक्तित्व में उनका कोई दंश शेष नहीं, अपितु उनके जीवन में सतत-सात्विक मधुरता ही बढ़ती ही जा रही है। डॉ. किला को कभी भी परेशानियों ने विचलित नहीं किया। वे कहते हैं, मुझे लगता है, मुझे ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त हैं, जो कुछ करना चाहता हूं, वह कर रहा हूं। उनका जीवन साधन-सम्पन्न लोगों एवं जरूरतमंदों के बीच एक सेतु हैं, एक पुल है। आशा का पुल, सेवा का पुल, शांति का पुल, जिन्दगी की मुस्कान का पुल। सचमुच वे प्रेरणास्पद हैं और उनमें बड़े मानुष का बड़प्पन झलकता हैं। वे परिवार और समाज के साथ-साथ गरीबों एवं जरूरतमंदों के लिए स्नेह के छांव देने वाले बरगद ही हैं।

अनेक पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. किला एक उच्च मूल्य मानकों को जीने वाले व्यक्तित्व हैं। उनके व्यक्तित्व में एक संपूर्ण मनुष्य के सारे गुण समाहित हैं। उनकी सहज आत्मीयता, खुलापन एवं मुक्त अट्टहास अनोखा हैं। उनके मुख पर सदैव मंद-मंद स्मिति ही विलसती हुई देखी जाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि मानो उनका समग्र जीवन वित्त-विशेषज्ञता को समर्पित होकर भी सेवा के विविध आयामों से जुड़ा है। वे सामाजिकता की एक अनूठी मिसाल है। यही कारण है कि डॉ. रामअवतार किला को हाल ही में राजस्थान फाउंडेशन द्वारा दिल्ली चैप्टर का अध्यक्ष मनोनित किया है। इस संस्था के साथ साथ वह अन्य संस्थाओं में भी अपनी भूमिका निभा रहे है जिनमें मुख्य रूप से ट्रस्टी राजस्थान मित्र मंडल, श्री मथुरा वृंदावन हासानन्द गोचर भूमि ट्रस्ट, सदस्य अखिल भारतीय प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन दक्षिणी दिल्ली, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली वसंत वैली, संस्थापक परफेक्ट फाउंडेशन एवं परफेक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट तथा सक्रिय सदस्य लॉयन्स क्लब, माहेश्वरी क्लब, दिल्ली पैनोरमा क्लब, राजस्थान रत्नाकर, रामकृष्ण सेवा संस्थान आदि। वे राजस्थान के होकर दिल्ली में राजस्थानी संस्कृति को जीवंतता देने में जुटे हैं।

विचारों, सामाजिक चेतना, धर्मनिष्ठा में गहरे रमे हुए डॉ. किला के जीवन और परिवार में अद्भुत सादगी और सात्विकता की व्याप्ति दिखायी पड़ती है। उनके बच्चे धार्मिक संस्कारों में शिक्षित-दीक्षित होकर आज अव्वल मुकामों पर अपने होने का अहसास करा रहे हैं। तमाम आधुनिक परिवेश के बावजूद डॉ. किला के संस्कारों के कारण उनमें सौम्यता और शालीनता दिखायी पड़ती है। लगता है डॉ. किला के व्यक्तित्व की सादगी, धर्मनिष्ठा, सामाजिकता एवं आध्यात्मिकता पूरे पारिवारिक परिवेश में व्याप्त है। सीए डॉ. किला एक ऐसे समर्पित व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने न केवल अपने पेशेवर जीवन में अपूर्व ऊंचाइयां प्राप्त की हैं, अपितु सामाजिक सेवा को भी अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है। उनका जीवन वास्तव में आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डॉ. किला के पास काम करने की अथक शक्ति है और काम किन दिशाओं में होना चाहिए इसका भी ज्ञान उन्हें हैं। प्रकृति ने ही डॉ. किला को मेधा, चिंतन क्षमता, वाकपटुता, कौशल का जो अवदान दिया वह बहुत कम लोगों को प्राप्त होता है। ऐसे कर्मठ कार्यकर्ता कम ही मिलते हैं, जिनमें चिंतन-मनन, कार्यकौशल, अध्ययन, तथ्यपरकता और सरसता का ऐसा मणिकांचन योग हो। वे समाज-निर्माता हैं, गहन परोपकारी हैं और संस्कृतिपुरुष भी हैं।

## 9 जून : इतिहास की अहम घटनाएं

1928 ऑस्ट्रेलियाई एविएटर चार्ल्स किंग्सफोर्ड स्मिथ और उनके चालक दल ब्रिस्बेन में दक्षिणी क्रॉस विमान से उतरे, संयुक्त राज्य अमेरिका की मुख्य भूमि से ऑस्ट्रेलिया के लिए पहली ईवर्टर-प्रशांत उड़ान पूरी की।

1930 शिकागो बोर्ड ऑफ़ ट्रेड बिल्डिंग को खोला गया।

1931 डोनाल्ड डक कार्टून को पहली बार प्रदर्शित किया गया।

1940 नार्वे ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

1941 यूरोपीय देश सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड के फोर्ट स्मेदेरोवो क्षेत्र स्थित एक हथियार कारखाने में विस्फोट से 1500 लोगों की मौत हुई।

1942 ब्रिटिश विमान ने टारंटो में इतालवी नौसेना बेस पर हमला किया।

1946 Bhumibol Adulyadej, दुनिया के सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले वर्तमान शिखर, थाईलैंड के सिंहासन पर चढ़े।

1946 राजा आनंद माहिदोल की हत्या के बाद, दुनिया के सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले वर्तमान सम्राट, भूमिबोल अदुल्यादेज, थाईलैंड के सिंहासन पर चढ़े।

1948 अभिलेखागार पर अंतर्राष्ट्रीय परिषद की स्थापना यूनेस्को के तत्वावधान में की गई थी। यह एक अंतर्राष्ट्रीय एन.जी.ओ. जो अभिलेखागार और अभिलेखागार के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देता है।

1954 संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना और सीनेटर जोसेफ मैक्कार्थी के बीच परस्पर विरोधी संघर्षों की जांच करने वाली सेना-मैकार्थी की सुनवाई के दौरान, सेना के वकील जोसेफ एन वेल्च ने मैककार्थी से पूछा, 'लंबे समय से, क्या आपमें शालीनता की भावना नहीं है?

1955 इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने नॉटिंघम में दक्षिण अफ्रीका की टीम को हराया।

1959 यूएसएस जॉर्ज वॉशिंगटन बैलिस्टिक मिसाइलों को चलाने के लिए पहली पनडुब्बी प्रेषित की गयी।

1960 चीन में चक्रवती तूफान मैरी के कारण 1600 लोगों की मौत हो गई।

1965 वियतनाम कांग ने वियतनाम गणराज्य की सेना के साथ डोंग Xoai की लड़ाई में युद्ध की शुरुआत की, जो वियतनाम युद्ध की सबसे बड़ी लड़ाइयों में से एक थी।

1967 सीरिया के गोलान हाइट्स को छह दिवसीय युद्ध के दौरान इजरायल द्वारा कब्जा कर लिया गया था। गोलान हाइट्स उत्तर में माउंट हर्मन से घिरा हुआ पठार है, दक्षिण में यारमुक नदी, पश्चिम में गलील और हुला घाटी का सागर और पूर्व में रक्कड़ वादी है।

1973 सचिवालय ने 31 लंबाई से बेलमोंट दांव जीता, एक चौथाई सदी में अमेरिकी ट्रिपल क्राउन जीत हासिल की, और 1½ मील की दूरी दौड़ के लिए ट्रैक रिकॉर्ड और वर्ल्ड रिकॉर्ड बार 2:24

1975 ऑर्डर ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया को पहली बार सम्मानित किया गया।

1983 मार्गरेट थैचर के नेतृत्व में ब्रिटेन के आम चुनावों में कंज़र्वेटिव पार्टी ने लगातार दूसरी बार बहुमत हासिल किया।

1999 कोसोवो युद्ध के दौरान यूगोस्लाविया के संघीय गणराज्य और नाटो द्वारा एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह नाटो के हवाई समर्थन के साथ संघीय गणराज्य यूगोस्लाविया और कोसोवो लिबरेशन आर्मी (KLA) की सेनाओं के बीच लड़ा गया युद्ध था। युद्ध 28 फरवरी 1998 से 11 जून 1999 तक चला था।

2007 अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू। बुश ने रूसी और सर्बियाई विरोध के बावजूद कोसोवो की स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र की कार्रवाई का आह्वान किया। कोसोवो दक्षिण-पूर्वी यूरोप में एक विवादित क्षेत्र है जो सर्बिया से स्वतंत्रता का दावा करता है।

2010 अफगानिस्तान के कंदहार जिले के अरंगंदब जिले में एक लड़के ने बम पहनकर आत्मघाती हमला किया, जिसमें कम से कम 40 लोगों की मौत हो

## समसामयिक

# मध्य प्रदेश में गर्मी के मौसम में जहरीली मूंग की खेती



डॉ. आर के पालीवाल
rkpaliwal1986@gmail.com

**प्रकृति** और कृषि भूमि अन्य जीवित प्राणियों की तरह अपनी ऊर्जा बढ़ाने के लिए अवकाश चाहती है । इसीलिए विशेष रूप से पानी की कमी वाले इलाकों में प्रतिवर्ष सामान्यतः दो फसलें ही ली जाती हैं, एक बरसात के मौसम में खरीफ की धान, मक्का, सोयाबीन, मूंग, उड़द और अरहर की दाल आदि की फसलें और दूसरी सर्दियों की रबी की फसलों में गेहूं, चना, मटर और सरसों आदि की फसलें।

मध्य प्रदेश में भी परंपरागत रूप से इन्हीं दो फसलों की खेती होती आई है। ऐसा करने से गर्मियों के तीन महीनों में जब नदियों और तालाबों एवं कुओं का पानी बहुत कम हो जाता है या पूरी तरह सूख जाता है और भूमि का जल स्तर बहुत नीचे जाने से बोरवेल भी बंद होने लगते हैं, तब कृषि भूमि को भी तीन महीने का अवकाश मिल जाता है जिससे वह बरसात होते ही अगली दो फसलों के लिए खुद को तैयार कर लेती है।

इधर कुछ साल से गर्मियों में मूंग की फसल लेने का रिवाज तेजी से बढ़ा है। इसके लिए जाने अनजाने कुछ किसान अपनी कृषि भूमि के साथ भी क्रूरता कर रहे हैं और प्रकृति और देश के नागरिकों को भी बीमार कर रहे हैं। गर्मी के ढाई तीन महीने में तेजी से मूंग की फसल लेने के लिए किसान तीन बहुत गलत काम करते हैं -

1. पराली जलाना
2. भू जल का अत्यधिक दोहन
3. जल्दी फसल पकाने के लिए फसल पर जहरीले रसायनों का छिड़काव

जल्दी खेत खाली करने के लिए ऐसे किसान गौमाता का प्रिय चारा जला रहे हैं, गर्मियों की फसल में पानी भी बहुत लगता है। उसके लिए जमीन का बचा कुचा पानी निकालकर सूखे को निमंत्रित कर रहे हैं और अपनी अगली पीढी के लिए अकाल की स्थिति पैदा कर रहे हैं। फसल जल्दी पकाने के लिए जहरीले रसायन छिड़ककर देश के नागरिकों को जहरीली दाल परोसकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां बढ़ा रहे हैं। ऐसा करना किसी भी दृष्टि से जन हित या राष्ट्रहित में नहीं है बल्कि यह मनुष्यता, गाय जैसे बहुमूल्य पालतू जानवरों, धरती मां और पूरी प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गंभीर अपराध है। सब कुछ जानने के बाद भी जो किसान थोड़े से लालच के कारण ऐसे क्रूर कार्य करते हैं उनसे किसी को हमदर्दी नहीं हो सकती। वे अन्न दाता कहलाने के अधिकारी भी नहीं हैं।

जो नागरिक मनुष्यता और प्रकृति विरोधी कार्य करते हैं उन्हें पहले समझाना और नहीं मानने पर सजा देना जन हित में कार्य करने वाली सरकार का कर्तव्य है। इसी तरह से जो नागरिक जन हितकारी कार्य करते हैं उन्हें सम्मानित करना और विविध रूप से प्रोत्साहित करना भी जनहितकारी सरकार का कर्तव्य है। इसलिए पानी की कमी वाले क्षेत्रों में गर्मियों की मूंग की फसल के लिए पानी का दोहन करने, पराली जलाने और जहरीले रसायनों के छिड़काव कर मूंग पकाने की प्रवृति को हतोत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही जो किसान प्राकृतिक एवं जैविक खेती कर कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाते हैं, जल संरक्षण करते हैं और नागरिकों के लिए स्वास्थ्य वर्धक जैविक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराते हैं उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान कर और उनकी फसलों के लिए मार्केटिंग सुविधा उपलब्ध कराकर एवं उनके लिए सोलर एनर्जी सब्सिडी आदि की सरकारी सुविधा की योजनाओं में प्राथमिकता प्रदान कर प्रोत्साहन देना चाहिए। इन उपायों से कृषि भूमि, जैविक किसानों नागरिकों और प्रकृति एवं पर्यावरण आदि सबको लाभ होगा।

# विदेशों में नौकरी-धन की लिप्सा या पश्चिमी मस्त जीवन-शैली का आकर्षण



संजीव ठाकुर

विगत तीन दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है1 इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है1 इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है1

भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है।

इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी



वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं ।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है ।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें।

असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते है। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को ना होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है ।इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आवंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। पर बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं।

मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

## खबरें फटाफट

### मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा जनपद औरैया में प्रगतिशील किसाानों का किया सम्मान



कानपुरः मुख्यमंत्री, उ0प्र0 द्वारा जनपद औरैया में प्रगतिशील किसाानों का सम्मान, मिनी किट बीज वितरण, अन्य लाभार्थियों को वितरण एवं किसान सम्मेलन किया गया। इस दौरान श्री आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व अन्य प्रशासनिक/पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर द्वारा मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के जनपद औरैया आगमन से पूर्व कार्यक्रम स्थल, यातायात-व्यवस्था व अन्य सम्भावित स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर ड्यिूटी में लगे समस्त उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# छोटे भाई की सूजा घोंपकर हत्या करने का वीडियो सामने आया पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को मजिस्ट्रेट के सामने किया पेश

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर में छोटे भाई की सूजा घोंपकर हत्या करने का वीडियो सामने आया है। वहीं पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को रविवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। कोर्ट जाने से पहले आरोपी ने पुलिस से कहा- साहब! मुझे भाई के अंतिम संस्कार में जाने दीजिए। अब गलती हो गई है, क्या कर सकता हूं। विजेंद्र का रविवार सुबह भगवतदास घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। सूजा घोंपकर हत्या करने का रविवार को साढ़े 3 मिनट का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि छोटा भाई विजेंद्र घर से अपनी भैंस निकाल रहा है। तभी बड़ा भाई जितेंद्र पिंक शर्ट पहनकर आता है और गालीगलौच करता है। जबकि छोटा भाई अपनी भैंस लेकर आगे निकल जाता है। तभी बड़े भाई ने छोटे भाई के सिर पर 5 डंडे मारे। चीख सुनकर पिता मौके पर पहुंचे। पिता ने छोटे बेटे को पकड़ा। इसी दौरान जितेंद्र घर से बर्फ तोड़ने वाला सूजा उठा लाया और छोटे भाई के सीने में घोंप दिया। इसके बाद भाग जाता है। इंस्पेक्टर बादशाहीनाका एसओ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के बाद उससे पूछताछ में बिजली का विवाद ही मूल जड़ निकला। आरोपी जितेन्द्र ने कहा- बिजली तो सभी इस्तेमाल करते थे साहब। सिर्फ हम ही क्यों पैसा देते।

दो हजार रुपए का बिल था जबकि मेरी इतनी कमाई भी नहीं होती। इसी बात पर विवाद हो गया। मुझे इतनी तेज गुस्सा आ गया कि कुछ सूझा ही नहीं। इसके बाद जितेन्द्र खामोश हो गया।

गुलियाना मोहल्ले में रहने वाले पवन यादव दिव्यांग हैं। वह बर्फ बेच कर घर चलाते हैं। उनके चार बेटे विजेंद्र, जितेंद्र, शेखर और राजेंद्र यादव हैं। पवन पिछले कुछ साल से परिवार से अलग किराए के मकान में रहते हैं।जबकि उनका बड़ा बेटा जितेंद्र भी मोहल्ले में ही किराए के मकान में 3 साल से अलग रहता है। वह चाय की दुकान चलाता है। पवन की पत्नी राजकुमारी देवी 3 बेटों विजेंद्र, जितेंद्र और शेखर के साथ रहती हैं। विजेंद्र पशु पालन करता था। बहन मेनका ने बताया कि घर में प्रीपेड मीटर लगा हुआ है। पिछले दो महीने से घर का बिजली बिल जमा नहीं हुआ था। इस वजह से इस महीने बिजली का बिल माइनस 2000 हजार हो गया था। चार दिन पहले कनेक्शन कट गया। घर की बिजली कटने के कारण घर में लोग परेशान थे। बड़े भाई ने पहले डंडे से मारा, फिर सूजा घोंपा शनिवार सुबह करीब 8 बजे जितेंद्र घर पहुंचा।

यहां छोटे भाई विजेंद्र से कहा- बिजली का बिल क्यों नहीं जमा किया? छोटे भाई विजेंद्र ने कहा- मीटर सभी के नाम है, इसलिए सभी लोग अपने-अपने हिस्से का पैसा दें, ताकि बिल जमा हो जाए। जितेंद्र ने बिल देने से मना कर दिया।

## खाटू श्याम दर्शन के लिए 90 यात्रियों का जत्था हुआ रवाना



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर के परेड चौराहे से शनिवार रात को श्री युवा आदर्श कसौधन सेवा समिति द्वारा खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए 90 श्याम प्रेमियों का जत्था बस से रवाना हुआ। श्री युवा आदर्श कसौधन सेवा समिति के प्रबंधक विजय कसौधन के नेतत्व मे बस रवाना हुई। जो कि रविवार सुबह होते ही खाटू पहुंच कर श्याम जी के दर्शन करेंगे। समिति के अध्यक्ष धर्म प्रकाश ने बताया की हम लोगो ने इसकी शुरुवात कर अपने समाज का एक जत्था बस यात्रा कर खाटू श्याम दर्शन करा रहे है। श्री युवा आदर्श कसौधन सेवा समिति के तत्वाधान में यह पहली यात्रा 90 यात्रियों के साथ रवाना हुई। समिति द्वारा श्याम प्रेमियों के खाटू में रहने और भोजन की व्यवस्था भी की गई है। समिति के अलोक कसौधन ने कहा की बस यात्रा का उद्देश्य कसौधन समाज को खाटू से जोड़ना है और आस्था भाव की जागृति आने के उद्देश्य से हर वर्ष यात्रा में श्याम प्रेमियों को दर्शन करवाते रहेंगे।

### ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर, भारतीय सेना को बधाई देने हेंतु, हर्षोउल्लास के साथ, शिकंजी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ

कानपुर नगर, मयंक पोरवाल (फौजी, सी.आर.पी.एफ.) ने बताया कि दिन रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बर्रा-7 के समीप, शिकंजी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ, इसका मुख्य कारण था, भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करने हेंतु, जो



उन्होंने सफल ऑपरेशन सिंदूर किया हैं, वह बधाई के पात्र हैं। भारतीय सेना को सलाम। मैं स्वयं फौजी हूँ, और सीमा पर डटकर, माँ भारती की सेवा कर रहा हूँ। विगत कई वर्षों से, गर्मी का मौसम आने पर, समाज को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से, हम तथा हमारे सहयोगी, शिकंजी व शरबत वितरण के कार्यक्रम करते रहते हैं। समाजसेवी कृष्ण कुमार सिंह चकित ने बताया कि, पूर्ण विश्व में भारतीय सेना का शौर्य दृश्यमान हैं, वह युगों-युगों तक स्मरण में रहेगा। भारतीय सेना द्वारा किया गया, ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा, उन्हें हृदय के अंतिम तल से हार्दिक आभार व मंगलकामनाएँ। ऑपरेशन सिंदूर को, शत्रु राष्ट्र व आतंकी राष्ट्र पाकिस्तान कभी भी भूलेगा नहीं। भारतीय सेना के द्वारा किया गया, ऑपरेशन सिंदूर सफल होने पर और गर्मी के प्रकोप के कारण, राहगीरों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से, शिकंजी वितरण का कार्यक्रम अनुशासनात्मक रुप से संपन्न हुआ। लगभग दो हजार तीन सौ राहगीरों ने इस कार्यक्रम का आनंद लेकर, हम सभी लोगों को आशीर्वाद भेंट स्वरूप प्रदान किया।

इस कार्यक्रम के दौरान, भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद, ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद, वंदे मातरम्, हिंदुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों ने, देशभक्ति का वातावरण बनाकर, इस कार्यक्रम में चार-चाँद लगा दिए।

## आर्थिक रूप से कमजोर 580 स्कूली बच्चों को नए कपड़े वितरित किए




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मिलकर आर्थिक रूप से कमजोर 580 स्कूली बच्चों को नए कपड़े वितरित किए। इस कार्यक्रम का आयोजन शून्य फाउंडेशन, आत्मवाणी वेलफेयर सोसाइटी, सोशल एंपावरमेंट एंड रिसर्च आर्गेनाईजेशन और भारत तिब्बत सहयोग मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। प्रत्येक बच्चे को एक पैंट और दो शर्ट का सेट दिया गया

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य वी पी विद्यार्थी ने अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शून्य फाउंडेशन के फाउंडर कपिल कुमार केसरवानी, आत्मवाणी वेलफेयर सोसाइटी के फाउंडर विवेक पीटर, सेरो के सचिव प्रतीक श्रीवास्तव और भारत तिब्बत सहयोग मंच के कानपुर महानगर महामंत्री चित्रांश रिपुसूदन निगम मौजूद रहे। अखिल भारतीय अभिभावक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया। नए कपड़े पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कई बच्चों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। उन्होंने बताया कि लंबे समय से उन्हें नए कपड़े नहीं मिले थे। कार्यक्रम में विपिन तिवारी, पंकज कुमार, डॉ आर वी कुशवाहा, एस एस प्रजापति, विजय सैनी, अनिल साहू, संजीव चौहान, आनंद मोहन यादव, अनुराग जायसवाल, राजीव कुमार सिंह, कुलदीप सिंह कसेरा और स्वप्निल विद्यार्थी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

## कानपुर की रायपुरवा पुलिस ने स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर 25 हजार के इनामी को एनकाउंटर कर गिरफ्तार किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर की रायपुरवा पुलिस ने स्वाट और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर 25 हजार के इनामी को एनकाउंटर कर गिरफ्तार किया। शातिर आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग की थी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली उसके दांये पैर पर लगी। आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी सेन्ट्रल के मुताबिक शातिर के खिलाफ 13 अपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस उसे दो दिन से तलाश कर रही थी। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

रतलवामंडी निवासी जोगी के भाई मंगल को शातिर सुनील गिलट ने 6 जून 2025 को गोली मारी थी जो उसकी बांयी जांघ पर लगी थी। इस मामले में जोगी ने रायपुरवा थाने में सुनील गिलट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। रायपुरवा इंस्पेक्टर संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि मंगल और सुनील गिलट के भाई के बीच 3-4 दिन पहले विवाद हुआ था। उसकी जानकारी दोनों पक्षों में से किसी ने पुलिस को नहीं दी थी।

इसी को लेकर 5 जून की रात लगभग नौ बजे जब जोगी अपनी घर की गली में भाई मंगल के साथ खड़ा था तो आरोपी वहां मोटरसाइकिल से पहुंचा और उसे देखलेने की धमकी दी थी। चूंकी मोहल्ले वाले इकट्ठा हो रहे थे तो आरोपी वहां से चला गया। इसके बाद 6 जून की शाम लगभग साढ़े सात बजे उसने घटना को अंजाम दे दिया। डीसीपी सेन्ट्रल श्रवण कुमार सिंह के मुताबिक घटना गम्भीर होने के कारण पुलिस के साथ सर्विलांस और स्वाट टीम को आरोपी की तलाश में लगाया गया। पुलिस ने 5 की पूरी रात उसे तलाश किया और 6 और 7 जून को भी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। 7 जून की देर रात लगभग साढ़े तीन बजे आरोपी की लोकेशन तेजाब मिल रेलवे कालोनी अनवरगंज रेलवे ब्रिज के पास मिली।

पुलिस ने 5 की पूरी रात उसे तलाश किया और 6 और 7 जून को भी पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी रही। 7 जून की देर रात लगभग साढ़े तीन बजे आरोपी की लोकेशन तेजाब मिल रेलवे कालोनी अनवरगंज रेलवे ब्रिज के पास मिली। डीसीपी सेन्ट्रल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 13 अपराधिक मामले दर्ज है। सन 2004 से 2025 के बीच हत्या, हत्या का प्रयास मारपीट, अवैध वसूली समेत तमाम अपराधों में इसका नाम सामने आया है।

### लिस ने ज्येष्ठ माह एकादशी व भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत किया वितरण

कानपुर। उत्तर प्रदेश मे कानपुर कोतवाली पुलिस ने ज्येष्ठ माह एकादशी व भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शरबत वितरण किया। कोतवाली पुलिस ने बड़ा चौराहा स्तिथ सरसैया घाट चौकी से राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया। यह एक सराहनीय पहल है जो भीषण गर्मी में लोगों को राहत प्रदान करती है। कोतवाली

पुलिस ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया जिसमें इंस्पेक्टर जगदीश पांडेय और सरसैया घाट चौकी इंचार्ज रोहित शर्मा,एसआई राहुल सिंह शामिल थे। राहगीरों ने कहा कि यह परोपकार का एक सुंदर उदाहरण है।

यह दर्शाता है कि गर्मी के मौसम में राहत प्रदान करने के लिए पुलिस विभाग के लोग आगे आ रहे हैं। इस मौके पर कोतवाली पुलिस हेड कांस्टेबल सुल्तान, उपनिरीक्षक सैंकी कुमार एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

## निःशुल्क स्वस्थ्य परीक्षण शिविर में आयुष्मान कार्ड बनवाने को उमडा जन सैलाब



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। संस्था सिन्धु विकास सेवा समिति के तत्वाधान मे कानपुर नगर के संत कवर राम हाल सिन्धी कॉलोनी शास्त्री नगर में विशाल आयुष्मान कार्ड एवं स्वास्थ्य शिविर का कैम्प लगाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अवनीश अवस्थी जी (मुख्य सलाहकार माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी उत्तर प्रदेश सरकार) जी ने भगवान श्री झूले लाल जी के आगे ज्योति प्राजुलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लगभग 415 लोगो ने स्वास्थ परीक्षण कराया और 357 लोगो ने आयुष्मान कार्ड का पंजीयन करा कर कार्ड बनवाया। अमित खत्री ललित श्यामदासानी,श्याम लाल मूलचंदानी,विश्वनाथ आहूजा गौरव शिवानी जी ने आए हुए मुख्य अतिथि श्री अवनीश अवस्थी जी को माला पहना कर स्वागत किया ,बलवंत मखीजा, ने अंगवस्त्र तथा अनिल डोडवानी, महेश मखीजा श्याम बिजलानी कैलाश निहलानी जी ने मोमेंटो देकर सम्मान किया। कानपुर की सभी मन्दिर , दरबार,आश्रम पंचायतों के 20 मुखियों को अंगवस्त्र,माला पहनाकर व मोमेंटो देकर सभी का सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने संस्था से कहा आप लोगो ने वरिष्ठ लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर समाज की सेवा की इस सन्दर्भ आप अति शीघ्र इन सभी वरिष्ठों को अयोध्या श्री राम जी के दर्शन कराने ले जाए सरकार पूरा सहयोग करेगी।

के बाद आए हुए सभी लोगों ने भंडारा प्रसाद चखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्याम लाल मूलचंदानी,अमित खत्री, ललित श्यामदासानी, अनिल डोडवानी, गौरव शिवानी, कैलाश नहलानी, बलवंत मखीजा, महेश माखीजा श्याम बिजलानी, घनश्याम छाबड़ा, चंद्र कुमार खिलवानी, रवि बदलानी, चंद्र भान मोहनानी, मनोज लालवानी, मुरारी चुग, बंटी सिधवानी, सुरेश कटारिया, बिहारी लाल बजाज, हरि गंगवानी, दिनेश कटारिया ,सुरेश धमीजा, राजकुमार मोटवानी आदि रहे।


आज का राशिफल
ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'

Mob:-9760800271

मेष : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते ह। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। आलस्य को त्याग।

वृष : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेगें। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। अच्छी सफलताएं प्राप्त करेग। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी।

मिथुन : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते ह। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

कर्क : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।

सिंह : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

कन्या : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे।

तुला : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

वृश्चिक : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा।

धनु : कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा।

मकर : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

कुम्भ : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मङ्कूषचतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

मीन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें।

# सीएम ने मकई को बताया क्रैश क्रॉप, एक नहीं अब तीन-तीन फसल कर पा रहे हैं अन्नदाता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



औरैया, 08 जून (हि. स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को औरैया के अजीतमल में किसान गोष्ठी में सम्मिलित होने से पूर्व औरैया में एरियल सर्वे कर प्रदेश के किसानों द्वारा की जा रही मक्का की फसलों का जायजा लिया। एरियल सर्वे के दौरान इस पूरे क्षेत्र में मक्का की लहलहाती फसलों को देखकर सीएम योगी अभिभूत हो गए। उन्होंने संगोष्ठी में भी इस बात का विशेष रूप से जिक्र किया और मकई को किसानों के लिए कैश क्रॉप करार दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह लखनऊ से उड़ान भरी और वह उन्नाव, कानपुर, कन्नौज होते हुए औरैया पहुंचे, जहां उन्होंने इस पूरे क्षेत्र में अन्नदाता किसानों की मेहनत को लहलहाते हुए देखा। उन्होंने संगोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए विशेष रूप से इसका उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि प्रातः काल से लखनऊ से उन्नाव-बांगरमऊ होते हुए कन्नौज-छिबरामऊ वाया कानपुर और औरैया आगमन हुआ है। उत्तर प्रदेश के अंदर अन्नदाता किसानों की मेहनत को खेतों में लहलहाते हुए देखा है। जिस प्रदेश में पहले जो किसान एक या दो फसल तक सीमित रह जाता था, आज वही प्रदेश वही किसान दो फसल के अलावा एक तीसरी फसल में भी रुचि दिखा रहा है। 5 लाख हेक्टेयर में मक्का का उत्पादन करके वह अच्छा मुनाफा कमा रहा है। अन्नदाता किसान के जीवन में आए परिवर्तन का आधार यही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए आज प्रदेश के किसान आगे आए हैं। उत्तर प्रदेश के 20 से 25 जनपदों में मकई की खेती देखने को मिल रही है। यह किसानों का कैश क्रॉप है। प्रति हेक्टेयर एक किसान 2.5 लाख रुपए की आमदनी कर रहा है। यानी प्रति एकड़ एक लाख रुपए की आय किसान को हो रही है। अब किसान एक नहीं, तीन-तीन फसल बो सकता है।

# मजदूर ,कर्मचारियों के दो दिवसीय सम्मेलन में एचएमकेपी ने किया श्रम मंत्री को आमंत्रित

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह

कानपुर। हिन्द मजदूर किसान पंचायत उत्तर प्रदेश की कार्य समिति के साथ ही उसका और प्रतिनिधि सम्मेलन भी आगामी 22 व 23 जून 2025 को भदौही आयोजित किया जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर सारी तैयारी को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर को भी आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में प्रदेश के 300 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। इस सम्मेलन के उद्देश्य की चर्चा करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने बताया कि यह सम्मेलन ऐसी स्थितियों में हो रहा है जब देश व प्रदेश में मजदूरों व उनके संगठनों की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो रही है। समुचा कामगार वर्ग हर क्षेत्र में निजी क्षेत्र की और बढ़ ही नहीं रहा है बल्कि कब्जा कर रहा है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक और निगमों में यहां तक की न्यायालय व सरकारी कार्यालय अस्पताल और अन्य क्षेत्रों में आउट सोरसिंग के माध्यम से नियुक्तियां करते हुए नियमित पदों को समाप्त किया जा रहा है। अनेक श्रमिक आंदोलन के सफल अगुआकार राकेश मणि पांडे के मुताबिक सरकारी व गैर सरकारी विभागो में 10 वर्षों से कार्यरत आउट सोरसिंग कर्मचारियों को बिना कोई हितलाभ दिये, बिना कोई नोटिस दिये, बिना क्षतिपूर्ति दिये उनकी सेवाये समाप्त कर दी जाती हैं, जिससे वह अपने पारिवारिक अजीविका के लिए बदहाली में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि इस बारे में सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित में की गई घोषणा भी अब केवल कागजों पर ही सिमट कर रह गई है। श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने यह भी कहा कि हिन्द मजदूर किसान पंचायत ऐसे किसी भी बन्द का



समर्थन नहीं करती। जो देश के मजदूरों की गिरती स्थिति और आपसी खीचातान और संगठनों में वास्तविक तालमेल न होने का कारण हैं। उन्होंने कहा कि हिंद मजदूर किसान पंचायत मजदूर आन्दोलन को सशक्त बनाने और वास्तविक परिवर्तन के लिए उस हर अनिश्चित कालीन आन्दोलन व बन्द का समर्थन करती है, जो जार्ज फर्नांडिस के उद्देश्यों की पूर्ति करती है। चर्चित श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि 22 और 23 जून को आयोजित होने वाले प्रदेश के प्रतिनिधि सम्मेलन में मजदूरों की स्थिति ,सरकार द्वारा बनाये गये कानून नियमित व आवश्यक रूप से प्रति 05 वर्ष में वेतन पुनरीक्षण व पुरानी पेंशन बहाली और राष्ट्रीय वेतन आयोग एक सामान वेतन न्यूनतम रू0 21000/- देने और न्यूनतम व अनिवार्य पेंशन रू0 7500/- सभी कर्मचारियों को दिये जाने के लिए आन्दोलन की रूप रेखा तैयार करते हुए अगली रणनीति को अमली जामा पहनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन की सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष हसनैन अंसारी द्वारा 10 सदस्यसीय स्वागत समिति का भी गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों के रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जायेगी।

वरिष्ठ श्रमिक और मजदूर नेता राकेश मणि पांडे ने बताया कि इस सम्मेलन के उद्घाटन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर को भी आमंत्रित किया गया है जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एनएफआईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. दीपक जायसवाल शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अखबार, रेल, आंगनबाड़ी, इंजीनियरिंग, होटल, कालीन निर्माता, कैमिकल, आटो इंजीनियरिंग, रोडवेज, पीडब्लूडी, जल निगम, टॉवर, कोरियर, अस्पताल, आपातकालीन सेवा, वन विभाग, आटो टैक्सी यूनियन, परिवहन विभाग और कृषि मजदूरों, निगम क्षेत्र व बिजली क्षेत्र के सैकड़ों प्रतिनिधि भी रहेंगे। इसका समापन हिन्द मजदूर किसान पंचायत के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री मलगी करेंगे।

# सुरक्षा को लेकर आरएएफ और पुलिस टीम किया फ्लैग मार्च



### आरएएफ ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा आरएएफ के साथ कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना मुगलपुरा क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। जनमानस की सुरक्षा के मद्देनजर मुरादाबाद में पुलिस और आरएएफ ने फ्लैग मार्च निकाला। इसका उद्देश्य शांति और सौहार्द बनाए रखना और लोगों को जागरूक करना था। फ्लैग मार्च के दौरान, पुलिस और आरएएफ के जवानों ने क्षेत्र में गश्त की और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। जिसके मद्देनजर पुलिस और आरएएफ ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया और आमजन मानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया सभी से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील। थाना मुगलपुरा क्षेत्रान्तर्गत के विभिन्न मौहल्ले,गलियों, मुख्य चौराहों, पैदल गश्त कर शांतिपूर्ण व प्रेम सौहार्द के साथ रहने की अपील की।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मूंढापांडे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देश विरोधी एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालो व्यक्तियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के पर्यवेक्षण में रविवार को थाना मूंढापांडे पुलिस द्वारा अभियुक्त बाबू पुत्र तस्वीर अहमद निवासी ग्राम सक्टूनगला थाना मूंढापांडे जनपद मुरादाबाद के द्वारा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से देश विरोधी व शांति व्यवस्था को भंग करने वाले आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट करने पर अभियुक्त बाबू उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। उक्त संबंध में थाना मूढांपाण्डे पर अभियुक्त उपोरक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## पानी बचाओं जीवन बचाओं अभियान के तहत लोगों किया जागरूक

मुरादाबाद। नगर निगम मुरादाबाद की AIILSG टीम द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को पानी की महत्ता और उसे बचानें के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। पानी बचाओं जीवन बचाओं अभियान एक ऐसा अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को पानी बचानें और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह अभियान जल के महत्व को समझने और इसे बचाने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद करता है। हम सभी मिलकर यह संकल्प लें पानी बचाओं भविष्य बचाओं यही सच्ची समझदारी है। जल संरक्षण पानी बचाओं स्वच्छ भारत नगर निगम मुरादाबाद।

# लोगों को दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

बिलारी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत नमाजियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही बताया गया दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें सीट बेल्ट का आवश्यक उपयोग करें। मिशन सड़क सुरक्षा के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी पुलिस द्वारा नमाजियों को सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। तथा थाना बिलारी पुलिस द्वारा आम जनमानस सुरक्षा हेतु सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लोगों को जागरूक किया गया।

# जन चौपाल लगाकर महिलाओं को किया जागरूक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान चरण पांच में रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

## शांति व्यवस्था भंग करने में आरोपीयों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 20 आरोपीयों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने में हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा गया। विवरण थानावार निम्न है।थाना कोतवाली नगर- 02, थाना नागफनी- 01, थाना सिविल लाईन्स- 01, थाना पाकबड़ा- 01, थाना मूढापाण्डे- 01, थाना कांठ- 02, थाना भगतपुर- 01, थाना बिलारी- 04, थाना मैनाठेर- 07 आदि को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने शरबत वितरण किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



पाकबड़ा। रविवार को पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित पुलिस चौकी पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा शरबत वितरण किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने राहगीरों, स्थानीय निवासियों व आने जाने बाले सभी को रोककर मुसाफिरों के बीच ठण्डा शरबत पिलाकर गर्मी में राहत पहुँचाने का प्रयास किया इस कार्यक्रम में सभी शाखाओ के सहयोग से नगर में सरबत वितरण किया यह कार्यक्रम पुलिस चौकी कैलसा रोड सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक रहा। इस कार्यक्रम में हरी गोपाल, नगर संघ चालक प्रमोद भाग कार्यवाहक जितेंद्र नगर कार्यवाहक सचिन गुप्ता हिमांशु, योगेंद्र ,बुलाकी सत्यम, गुप्ता शिवम गुप्ता ,काके गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरि कथा मनुष्य के जीवन की बड़ी औषधि




मुरादाबाद। रविवार को जनपद मुरादाबाद में साईं हॉस्पिटल के पास आराध्या ऑडिटोरियम के लोकार्पण समारोह एवं श्री हरि कथा महोत्सव में सम्मिलित सदस्य विधान परिषद डॉक्टर जयपाल सिंह व्यस्त जी ने पूज्य आचार्य धीर शांत अर्द्धमौनी महाराज जी के प्रवचन सुना। आराध्य ऑडिटोरियम साईं हास्पिटल के पास दिल्ली रोड के लोकार्पण समारोह में चल रही श्री हरि कथा में कथा व्यास धीरशांत दास ने कहा संसार में केवल हरि कथा ही भवसागर में प्रवेश और उससे पार करा सकती है। हरि कथा के अभाव में जीवन एक व्यथा मात्र है। भवरोग मिटाने के लिए केवल हरिकथामृत ही औषधि है।



# योगी सरकार के हर खेत को पानी संकल्प को साकार कर रहीं नई 29 सिंचाई

**नेशनल एक्सप्रेस**

लखनऊ। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में जल संसाधनों के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। योगी सरकार ने हर खेत को पानी पहुंचाने के संकल्प को साकार करते हुए पिछले आठ वर्षों में 29 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं को पूरा किया है। इससे जहां एक ओर प्रदेश के 43,53,850 किसानों को लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में 19,11,231 हेक्टेयर की सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है। योगी सरकार का यह कदम न केवल प्रदेश की कृषि उत्पादन क्षमता को बढ़ाने वाला है, बल्कि बाढ़ नियंत्रण और जल संरक्षण के क्षेत्र में भी मील का पत्थर है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर खेत को पानी विजन की दिशा में प्रदेशभर में लगातार काम किया जा रहा है। इसके तहत पिछले आठ वर्षों में 7 वृहद सिंचाई परियोजनाओं में बाणसागर नहर परियोजना, लहचूरा बांध परियोजना, पहाड़ी बांध परियोजना, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, अर्जुन सहायक नहर परियोजना, उत्तर प्रदेश वाटर रिस्ट्रक्चरिंग परियोजना फेज-2 और उमरहठ पम्प परियोजना द्वितीय चरण को पूरा किया गया है। इससे

- **लघु सिंचाई परियोजना से महोबा, मीरजापुर, हमीरपुर के किसानों को मिल रहा लाभ**
- **सरकार ने महज पिछले आठ वर्षों में वृहद, मध्यम और लघु सिंचाई की 29 परियोजनाओं को किया पूरा**

मीरजापुर, प्रयागराज, महोबा, हमीरपुर, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बस्ती, गोरखपुर, महराजगंज, बांदा, अमेठी, रायबरेली, इटावा, एटा, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, फतेहपुर, फर्रूखाबाद, फिरोजाबाद, बाराबंकी, मैनपुरी एवं ललितपुर के 42,28,355 किसानों को लाभ मिल रहा है। वहीं 18,41,932 हेक्टेयर सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है।

इसी तरह पिछले आठ वर्षों में 16 मध्यम श्रेणी की सिंचाई परियोजनाएं पूरी की गईं। इनमें उटारी बांध परियोजना, मौदहा बांध नहर प्रणाली की क्षमता की पुर्नस्थापना, पहुंज बांध पुनरोद्धार परियोजना, गुंता बांध पुनरोद्धार रिस्टोरेशन/रेनोवेशन परियोजना, जमरार बांध नहर परियोजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पथरई बांध परियोजना, भावनी बांध परियोजना, बंडई बांध परियोजना, रसिन बांध परियोजना, बबीना ब्लॉक के 15 ग्रामों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की परियोजना, घोरी नहर के पुनरोद्धार परियोजना, लखेरी बांध के अवशेष कार्यों की परियोजना, जनपद रामपुर में नाहल बैराज की निर्माण तथा नाहल नहर प्रणाली की पुर्नस्थापना के कार्य की परियोजना, बडवार झील के गुरसंराय मुख्य नहर के 45 किमी से भरने के लिए फीडर चैनल परियोजना, कुलपहाड़ स्प्रिंक्लर सिंचाई परियोजना और जनपद महराजगंज स्थित रोहिन नदी पर रोहिन बैराज के निर्माण कार्य की परियोजना शामिल है। इससे ललितपुर, हमीरपुर, झांसी, चित्रकूट (कर्बी), मीरजापुर, रामपुर, महोबा, महराजगंज के 97,312 किसानों को लाभ मिल रहा है। वहीं 64,104 हेक्टेयर सिंचन क्षमता में वृद्धि हुई है।

## मुण्डेरवा में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन

**लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव शासन को भेजा, 25 से अधिक जिलों को मिलेगा लाभ**



**नेशनल एक्सप्रेस**

गोंडा । करनैलगंज तहसील अंतर्गत ग्राम सभा मुंडेरवा में धर्म और आध्यात्म की महत्ता को समर्पित संगीतमई श्रीमद्भागवत गीता कथा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहते हुए कथा श्रवणकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। अयोध्या से पधारे कथा वाचक पं० संजीवाचार्य जी महाराज ने श्रोताओं को कथापान कराया।कथा प्रवचन के दौरान नारद भगवान और राजा परीक्षित की अद्भुत और प्रेरणादायक कथा सुनाई गई। कथा में बताया गया कि किस प्रकार राजा परीक्षित ने मृत्यु के भय से परे जाकर सात दिन तक शुकदेव मुनि से भगवत कथा सुनी और आत्मा की मुक्ति का मार्ग प्राप्त किया। नारद मुनि के संवाद और भक्ति के प्रसंगों ने सभी श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ। गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने बड़ी श्रद्धा से भाग लिया। स्थानीय समिति और ग्रामवासियों ने आयोजन की व्यवस्था को सराहनीय ढंग से संभाला।कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मिलकर भक्ति संगीत का आनंद लिया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईदुल अज़हा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

गोंडा । करनैलगंज कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को ईद उल अजहा बकरीद बहुत ही धूम धाम के साथ मनाई गई। सभी ईदगाहों सहित अन्य जगहों पर भी काफी भीड़ भाड़ देखने को मिली। सबसे पहले मदीना मस्जिद पुरानी सब्जी मंडी व उसके बाद दरगाह बाबा शहीद मर्द र.अ. के मैदान व मस्जिद मनिहारान यतीम खाना तथा ईदगाह करनैलगंज में नमाज अदा की गई। बाबा शहीद मर्द में सज्जादा नशीन इसरारुल हक़ शाह लल्लू मियाँ व ईदगाह कस्बा करनैलगंज में मौलाना सिराज साहब फिरंगीमहली ने नमाज अदा कराई। साथ ही लोगों से कहा कि प्रशासन ने जिन जानवरों पर कुर्बानी की छूट दी है उन्ही जानवरों की कुर्बानी करें। वहीं दुनिया में अमन चैन व लोगों की मगफिरत के लिए दुआ की गई।उसके बाद लोग एक दूसरे से गले मिलते हुए मुबारकबाद देते दिखाई दिये। सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस फोर्स के साथ प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक मौके पर तैनात रहे। ईदगाह के सेक्रेटरी फहीम अहमद पप्पू ने लोगों को कमेटी की तरफ से मुबारकबाद पेश की।उसके बाद फिर कुर्बानियों का दौर शुरू हुआ। लोगों ने अपने अपने घरों में बकरों की कुर्बानी दी।

साथ ही कस्बे के यतीम खाना व मदरसा इस्लामिया में बड़े जानवरों की क़ुरबानी की गयी।

## मुख्यमंत्री योगी ने औरैया में मक्का किसान सम्मेलन को किया संबोधित

**प्रदेश के 75 जिलों में 12 लाख से अधिक किसान हुए अभियान में शामिल**

**नेशनल एक्सप्रेस**

लखनऊ/औरैया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत प्रदेशभर में किसानों को तकनीकी, प्रशिक्षण व संसाधन समर्थन के माध्यम से सशक्त किया जा रहा है। इस अभियान में अब तक 12.76 लाख से अधिक किसानों की भागीदारी हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




ने औरैया जनपद के अजीतमल नगर पंचायत में आयोजित मक्का किसान सम्मेलन में भाग लेते हुए किसानों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रगतिशील किसानों को उन्नत बीजों की मिनीकिट वितरित की और कृषि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कृषि प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया, जो मक्का उत्पादन और तकनीकी नवाचारों पर केंद्रित रही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वृक्षारोपण करते हुए कहा, ३ये पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए धरोहर हैं और हमारी कृषि संस्कृति को सशक्त बनाने का माध्यम भी। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, और अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण उपस्थित रहे। हरदोई, बहराइच समेत विभिन्न जिलों में नेचुरल फॉर्मिंग पर जोर हरदोई जिले में सांडी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को नेचुरल फार्मिंग, गौ-आधारित खेती, और डीएसआर जैसी तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। व

ैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, नैनो यूरिया, मिलेट्स, और अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

## दो वांछित आरोपी गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस**

सम्भल रजपुरा। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व जनपद सम्भल में रविवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में 02 वांछित अभियुक्त थाना रजपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आपको बताते चलें कि थाना रजपुरा पर पीड़ित मुकीम पुत्र वीरआलम निवासी कस्बा व थाना रजपुरा जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना विपक्षीगण द्वारा वादी व उसके भाई के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करना जिससे पीड़ित के भाई का गम्भीर रुप से चोटिल हो जाना के सम्बन्ध में थाना रजपुरा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।रविवार को थाना रजपुरा पुलिस टीम द्वारा मु0 मे वांछित अभियुक्त. पूरन, सोनू को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सैण्डोरा रोड चन्द्रकेश्वर मंदिर के पास से उ0नि0 राकेश बाबू थाना रजपुरा जनपद सम्भल,का0 पूरन सिंह,का0 राहुल यादव, हो०गा० शेर सिंह के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया।

## मानसिक रूप से परेशान बुजुर्ग ने फांसी लगा की खुदकुशी

बांदा। मानसिक रूप से परेशान बुजुर्ग ने खेत पर लगे पेड़ पर अंगौछा से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नंदवारा गांव निवासी 80 वर्षीय छोटेलाल पुत्र गठठू लोध शनिवार की रात घरवालों की निगाह बचा कर घर से निकल गया। खेत में लगे पेड़ पर गमछे से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। रविवार को सुबह खेतों की तरफ निकले ग्रामीणो ने शव फंदे पर लटकता देखा तो घरवालों को जानकारी दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहरम मच गया। मृतक के भांजे नत्थू ने बताया कि छोटे लाल का एक पुत्र था जो कई साल पहले लापता हो गया था। तब से वह वापस नहीं लौटा। उसकी बहू थी वह भी चली गई। इससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। उसके पास सात बीघा जमीन थी। जो दामाद प्यारे लाल के नाम कर दिया था। दामाद ही उसकी देख रेख करता था। नरैनी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा नेता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हमीरपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र में रविवार को सबमर्सिबल पंप को उखाड़ने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई न होने से हताश युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। बीलपुर (ममना) ग्राम निवासी शिवेंद्र द्विवेदी (28) पुत्र शिवचरन सरीला तहसील के भाजपा महामंत्री थे। बताया जा रहा है कि उनके घर के सामने सबमर्सिबल पंप लगा था और पानी की टंकी रखी हुई थी। उनके पिता ने बीती रात शनिवार को तीन लोगों को काफी देर तक वहां बैठे हुए देखा। जब वह सुबह उठकर बाहर आए, तो उनका सबमर्सिबल पंप निकाल कर फेंक दिया गया था और टंकी भी टूट थी। शिवेंद्र ने इसकी शिकायत थाना जलालपुर को दी थी लेकिन बताया जा रहा है कि मामले में कार्रवाई न होने से क्षुब्ध होकर उसने कुछ देर बाद फांसी पर लटक

## राज्य संग्रहालय में बच्चों ने रची रंगों की दुनिया



*** "खुशियों की पाठशाला" में हुआ कोस्टर आर्ट का आयोजन**



**नेशनल एक्सप्रेस**

लखनऊ। राज्य संग्रहालय, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) द्वारा आयोजित ३खुशियों की पाठशाला३ कार्यक्रम के तहत आज विषयक रचनात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस कला-केंद्रित कार्यक्रम में 4 से 14 वर्ष की उम्र के 35 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने मछली, फूल, चिड़िया, घर, पृथ्वी, पर्यावरण संरक्षण, मोर आदि विषयों पर आधारित कोस्टर आर्ट लकड़ी के कैनवस पर रंग और ब्रश की मदद से उकेरी। इस आयोजन में मुक्ति फाउंडेशन एवं अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को संग्रहालय में संरक्षित कलाकृतियों से परिचित कराना, सौंदर्य बोध विकसित करना, और खेल-खेल में उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना रहा। समस्त प्रतिभागियों को राज्य संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शैक्षिक प्रभारी डॉ. मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक श्रीमती प्रीति साहनी, पुस्तकालय अध्यक्ष श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव, अभिरक्षक प्रमोद कुमार सिंह, फोटोग्राफर अरुण कुमार मिश्रा, अनुराग, श्रीमती पूनम सहित कई कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर सुश्री अलशाज फातमी, डॉ. विनय कुमार सिंह, धनंजय कुमार राय, श्रीमती अनुपमा सिंह, मुक्ति फाउंडेशन के सदस्य, और अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने किसानों को वितरित किया नि:शुल्क बीज

**नेशनल एक्सप्रेस**

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा रविवार को धर्मापुर क्षेत्र पंचायत के सभागार में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित किसान गोष्ठी का निरीक्षण किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए उन्हें वैज्ञानिक विधि से खेती करने का सुझाव दिए गए। जिलाधिकारी ने 5 किसानों को ढैचा बीज, 5 किसानों को मक्का बीज, 25 किसानों को उर्द, मूँग एवं श्री अन्न के निःशुल्क मिनीकिट बीज वितरित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने हेतु शासन के निर्देश पर 29 मई 2025 से 12 जून 2025 के मध्य संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 को जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में केवीके, तथा प्रदेश सरकार के कृषि, इफको, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई/नलकूप एवं लीड बैंक मैनेजर/सीडीएम नाबार्ड संस्थाओं के अधिकारी/कर्मचारी प्रशिक्षक की भूमिका में उपस्थित होकर शासन की किसानोन्मुखी योजनाओं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, इन्टीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किसानों के बीच उन्नत उत्पादन प्रौद्योगिकियों जैसे-बीज उपचार, जैव उर्वरकों का प्रयोग, उन्नत बुवाई पद्धतियां, प्राकृतिक खेती की जागरुकता के लिये जानकारी उपलब्ध करायें । जिसमें इस प्रणाली से होने वाले लाभ एवं शासन की नीतियों के बारे में कृषक जागरूक हो सकें।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण एवं कर विभाग के समन्वयन से होगा ईंट भट्ठों का संचालन

**ईंट भट्ठा उद्योग को प्रदान की जा रही है नई दिशा**

**नेशनल एक्सप्रेस**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग के नियमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में यूपी पर्यावरण विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जीएसटी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने के साथ-साथ पारंपरिक लाल ईंट के विकल्पों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश बी.एन.खरे की विधिक राय के अनुरूप ईंट भट्ठों की नियमावली में संशोधन प्रस्तावित किया गया है। इन प्रयासों से न केवल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि ईंट भट्ठा उद्योग को भी व्यवस्थित और टिकाऊ बनाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ईंट भट्ठा उद्योग को नये सिरे नियमित और संयोजित किया जा रहा है। इस दिशा में पर्यावरण विभाग की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग को नियमित करने के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश बी.एन. खरे की विधिक राय के आधार पर नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह प्रस्ताव वर्तमान में शासन स्तर पर अनुमोदन के लिए प्रक्रियाधीन है। इस संशोधन के आधार पर बंद किये गये ईंट भट्ठों को नियमावली के तहत नियमित करने और उद्योग को स्थिरता प्रदान करने का प्रयास है।

पर्यावरण विभाग के संबंधित अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2012 से पहले प्रदेश में ईंट भट्ठों के लिए कोई स्पष्ट नियमावली नहीं थी। 2012 में बनी नियमावली के तहत एक ओर प्रदेश के लगभग 6500 ईंट भट्ठे अवैध घोषित हो गये थे, लेकिन इसके बाद भी ईंट भट्ठों के अनियमित संचालन के कारण उचित कर संग्रह संभव नहीं हो पा रहा था। वहीं दूसरी ओर नियम के तहत ईंट भट्ठों का संचालन करने वाले कई ईंट भट्ठा मालिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा था। पूरे प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ था। सीएम योगी आदित्यनाथ ने यूपी में ईंट भट्ठा उद्योग को नियमित करने के साथ - साथ मृदा संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के लिए व्यापक कार्यनीति का निर्माण किया है। जिसके तहत पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ अन्य विभागों के समन्वयन से प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग का नियमितीकरण किया गया है।

### जीएसटी संग्रह में वृद्धि के लिए जरूरी प्रयास

प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग में जीएसटी संग्रह में कमी को लेकर जीएसटी विभाग, पर्यावरण विभाग, और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा सहमति प्राप्त सभी ईंट भट्ठों की सूची जीएसटी विभाग को सौंपी जाएगी। ताकि ईंट भट्ठों से कर संग्रह की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। यह कदम ईंट भट्ठा उद्योग में पारदर्शिता और कर अनुपालन को बढ़ावा देगा।



### * लाल ईंट के विकल्प को दिया जाएगा बढ़ावा

सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पारंपरिक लाल ईंट के विकल्पों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग, आवास-विकास और पर्यावरण विभाग ने एक समन्वित बैठक में फ्लाई ऐश ईंट, एएसी ब्लॉक, और पेवर ब्लॉक जैसे पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने का निर्णय लिया। पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ये विकल्प न केवल मिट्टी के अत्यधिक दोहन को कम करेंगे, बल्कि औद्योगिक कचरे जैसे फ्लाई ऐश का उपयोग कर प्रदूषण को भी नियंत्रित करेंगे। इन पहलों से उत्तर प्रदेश में ईंट भट्ठा उद्योग को नया दिशा-निर्देश मिलने की उम्मीद है। सरकार का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण, उद्योग की स्थिरता, और आर्थिक विकास

## कार सवार दबंगों ने बोलेरो चालक को दौड़ाकर पीटा

मीरजापुर । चील्ह थाना क्षेत्र के पूरजागिर चौराहे पर बुधवार की रात एक सनसनीखेज वारदात ने लोगों को चौंका दिया। ओवरटेक के मामूली विवाद ने उस वक्त हिंसक रूप ले लिया जब अल्टो कार सवार दबंगों ने बोलेरो चालक को दौड़ाकर पीटा और लूटपाट कर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका फुटेज अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

चेकसारी गांव निवासी संदीप यादव नगर से रात 11 बजे अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ओवरटेक को लेकर अल्टो कार सवारों से कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि अल्टो सवारों ने संदीप का पीछा करते हुए पूरजागिर चौराहे पर उनकी बोलेरो को रोका और लात-घूंसे चलाने लगे। मारपीट के दौरान हमलावर बदमाशों ने संदीप से दो हजार रुपये नकद और चांदी की चैन भी छीन ली।

संदीप के शोर मचाने पर जब आसपास के लोग जुटने लगे तो

**सीसीटीवी में कैद हुई दबंगई**



बदमाश उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। घटना के बाद पीड़ित ने रविवार को चील्ह थाने में एक नामजद सहित तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

इस घटना का सीसीटीवी फुटेज इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह ने घटना की जानकारी होने से इनकार कर दिया है।

# मनरेगा योजना को सचिवों व रोजगार सेवकों ने महालूट योजना में किया तब्दील

## एक ही फोटो से लगाई जा रहीं कही कार्यों में उपस्थिति , कहीं तो प्रिंट फोटो से उपस्थिति लगाने में रोजगार सेवक नहीं रहे चूक




### मामले में नोटिस दिए गए है , जबाब न मिलने पर रिकवरी की होगी कार्यवाही: सुभाष चंद्र

मामले को लेकर जब नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो विपिन कुमार ने उपायुक्त श्रम-रोजगार फिरोजाबाद सुभाष सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त विकासखंड अधिकारियों को नोटिस भेज दिए गए हैं तथा विभिन्न अनियमिताओं में लिप्त पंचायतों को चिन्हित कर जवाब मांगे हैं तथा जबाब न मिलने पर या असंतुष्ट जबाब मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही तथा भुगतान रिकवरी की प्रक्रिया अपनाई जाएगी ।

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद । जनपद में मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे विकास कार्यों में तमाम अनियमितताएं सामने आ रही हैं । रोजगार सेवक ,पंचायत सचिव खुलकर विभाग को चुना लगाते नजर आ रहे हैं । कारनामे देख कर ऐसा लग रहा है कि रोजगार सेवकों व सचिवों ने मनरेगा योजना को महालूट योजना में तब्दील कर दिया हो ।

अवगत करा दें कि जनपद में कुल 9 ब्लॉक हैं। फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, टूंडला, जसराना, एका,मदनपुर ,नारखी ,अरांव और हाथवंत ।

हाल फिलहाल में सभी में पंचायत स्तर पर कच्चे विभिन्न मार्ग व अन्य कार्य महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत कराए जा रहे हैं । अवगत यह भी कर दें कि नियमानुसार मनरेगा में पंजीकृत श्रमिकों द्वारा कार्य कराया जाता है तथा सभी की उपस्थिति एन.एम.एम.एस. के माध्यम से दिन में दो बार सुबह तथा शाम को फोटो अपलोड कर लगाई जाती है ।

रोजगार सेवकों तथा पंचायत सचिवों की मिली भगत से इस योजना में जनपद में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है । रोजगार सेवक एक ही फोटो को कई बार अपलोड सरकारी कार्यों में धांधली करते नजर आ रहे हैं ।

हालांकि इस मामले में उपायुक्त श्रम-रोजगार फिरोजाबाद सुभाष चंद्र द्वारा जनपद के समस्त विकासखंड अधिकारियों के लिए नोटिस भी जारी किए हैं ।

नोटिस में स्पष्ट रूप से कई कार्यों में एक फोटो व गलत फोटो अपलोड करने के मामले में जबाब तलब किया गया है । लेकिन बड़ी बात यह है कि उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भी रोजगार सेवकों व सचिवों की मनमानी पर अंकुश आखिर क्यों नहीं लग पा रहा है । क्या मनरेगा योजना के अंतर्गत जनपद में धांधली बरकरार रहेगी या इसपर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी फिरोजाबाद द्वारा कोई ठोस कदम उठाया जाएगा ।

# वरिष्ठ नागरिक समिति के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ




नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।

शिकोहाबाद । वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति शिकोहाबाद के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह श्रीब्राह्मण समाज धर्मशाला में मदन गोपाल उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा एडवोकेट रहे । इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को प्रांतीय महासचिव एसएस जौहरी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, महासचिव बृजेश कुमार उपाध्याय, उपाध्यक्ष श्याम मोहन गर्ग , संयुक्त सचिव नंदलाल वर्मा तथा कोषाध्यक्ष के रूप में हरिओम दुबे को शपथ दिलाई गई । मुख्य अतिथि शिवकुमार शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति काफी सामाजिक कार्य करने में लगी हुई है। वो चाहते हैं कि आगे भी समिति के लोग पूरी ताकत के साथ प्रयत्नशील रहें।

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महासचिव बृजेश उपाध्याय ने कहा कि समिति से जुड़े लोगों के साथ मिलकर वह वरिष्ठ लोगों की समस्या को उठाने तथा उसका हल निकालने का काम करेंगे । इस मौके पर संरक्षक यू सी सिंह, इंद्रध्वज जैन, डॉ रजनी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष जयराम पचौरी, डॉक्टर आरके गुप्ता मथुरा, चुनाव अधिकारी रहे श्रीनारायण दीक्षित, अरविंद तिवारी, रत्नेश कुलश्रेष्ठ के अलावा कार्यकारिणी सदस्य रमेश कश्यप, रामनाथ गुप्ता, सत्यनारायण शर्मा, ओमप्रकाश, रविंद्रपाल शर्मा, हर्ष कुमार , रमेश चंद्र अग्रवाल, ऋषिदेव तिवारी, मुकेश बाबू कुलश्रेष्ठ, वेद प्रकाश पांडे, राजकुमार दीक्षित, जगदीश चंद्र उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सी. पी. मिश्रा पूर्व महासचिव ने किया । अंत में आए हुए अतिथियों एवं अन्य लोगों का अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया ।

# बहनोई पर लगाया फसल को नष्ट करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।



जसराना। किसान के खेत में खडी करेले की फसल को उसके ही बहनाई एवं भाई ने नष्ट कर दिया। पीडित ने विरोध किया तो उसको जान से मारने की धमकी दे डाली। पीडित ने पुलिस में गुहार लगाई तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। किसान ने खेत में करेले की फसल कर रखी थी। थाना जसराना के गांव नगला नथुआ निवासी किसान संदीप उर्फ राहुल ने अपने बहनाई एवं बहन से एक एकड जमीन लगान पर ली थी। लगान के पैसों के भुगतान के रुप में संदीप ने 30 हजार रुपए अदा किए थे। लगान पर खेती लेने के दौरान खेत छोडने का समय सितंबर मास तय हुआ था। वर्तमान में राहुल ने अपने खेत में करेले की फसल कर रखी थी। आरोप है कि बहनाई दिनेश कुमार निवासी हरगनपुर थाना नसीरपुर ने पीडित के भाई दीपक कुमार के साथ मिलकर खेत में खडी करेले की फसल को उजाड दिया है। आरोप है कि दोनों ने मिलकर कुछ बेलों को उखाडने के साथ अधिकांश को दराती से काट दिया है। कोतवाली में दी तहरीर में संदीप ने कहा करेले की फसल के उजडने से उसको चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। कहा कि साजिश में उसकी बहन भी शामिल है। कोतवाल ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीन बैटरी चोर गिरफ्तार कब्जे से 18 बैटरी बरामद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।




टूण्डला। थाना टूण्डला पुलिस ने चैकिंग के दौरान बैटरी चोरी करने वाले तीन शातिर प्रवीन गौतम, सुल्तान अली और सुमित को गिरफ्तार किया है। तीनो आरोपियों के कब्जे से चोरी की हुई 18 बैटरी ट्यूबलर, 01 इन्वर्टर व 2 अवैध चाकू बरामद हुए है। पुलिस ने तीनो आरोपियों को जेल भेजा है।

दिनाँक 25 मई 2025 को वादी ने थाना टूण्डला पर तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा मेरी दुकान पचौरी म्यूजिकल इलैक्ट्रोनिक उपकरणों सारस्वत इन्कलेव से 10 बैटरी लगभग 150000 रुपये की कीमत की चुरा ले गए है। साथ ही 07 जून 2025 को वादी की तहरीर दी गयी कि अज्ञात चोरों द्वारा मेरी दुकान शिव राहुल बैटरी हाऊस के नाम से आगरा से फिरोजाबाद सर्विस रोड पर गुप्ता पेट्रौल पम्प के पास से 10 से 12 बैटरी चुरा ले गए हैं। दोनों वादियों की अलग अलग तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी करने वाले शातिर प्रवीन गौतम पुत्र श्री योगेन्द्रपाल सिंह निवासी नगला दल थाना पचोखरा, सुल्तान अली पुत्र सम्मी खां निवासी तुर्की का नगला मक्खनपुर थाना मक्खनपुर और सुमित पुत्र राकेश कुमार निवासी डांक बंगला प्रेमनगर थाना रसूलपुर को चोरी की बैंटरियों के साथ तथा 02 अवैध चाकू सहित रेलवे की खण्ड़हर पड़ी कॉलोनी के मकान थाना टूण्डला से गिरफ्तार किया गया है। चोरों से बरामद माल के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। चोरों के कब्जे से चोरी की 18 बैटरी बेंट्री ट्यूबलर व 01 इन्वर्टर और 2 नाजायज चाकू बरामद हुए है। तीनो चोरों को पुलिस ने जेल भेजा है।

# भक्त प्रहलाद की कथा सुनकर श्रोता हुये भाव विभोर



नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।

शिकोहाबाद । तहसील क्षेत्र के शंकरपुरी स्थित गुलाब बाड़ी शिव मंदिर के परिसर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा चलते तृतीय दिन माधवाचार्य कृष्ण महाराज के मुखार बिन्दु से श्रोताओं को भक्त प्रहलाद की कथा श्रवण करायी श्रोता हुये भाव विभोर

आज रविवार को श्रीमद् भागवत कथा गुलाबाडी प्राचीन शिव मन्दिर के परिसर में तृतीय दिन माधव कृष्णा महाराज जी ने भक्त प्रहलाद कथा श्रवण कराते हुये बताया भक्त भगवान से बड़ा होता है मनुष्य अपने लक्ष्य को न भूले और मनुष्य अपने लक्ष्य पर चले तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी, भक्त पहलाद को ईश्वर पर अटूट विश्वास था और भक्त प्रहलाद ने सफलता प्राप्त की कथा श्रोता भाव विभोर हो गये परीक्षत गिरीश कुमार श्रीवास्तव मुन्नी देवी यज्ञ पति धीरेन्द्र कुमार शाक्य ऊषा शाक्य समस्त गुलाब बॉडी शंकर पुरी आदि ।

# दलित महिला की मौत पर भीम सेवक संघ ने उठाई न्याय की मांग



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद के थाना उत्तर क्षेत्र स्थित नगला करन सिंह के मोहल्ला चौक में रहने वाली दलित विधवा महिला प्रेमलता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद स्थानीय और शासन स्तर पर परिवार को कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है । परिजन न्याय माँगने को दर-दर भटक रहे है । स्वजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार मात्र ?1100 के बकाया बिजली बिल पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने जबरन मीटर उखाड़ लिया था जिससे आहत होकर महिला को गहरा सदमा पहुँचा और उनकी मृत्यु हो गई। शव का पोस्टमार्टम हुआ । मृतिका की दो नाबालिग बेटियाँ हैं और अब उनके पालन-पोषण का कोई साधन शेष नहीं बचा है। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही भीम सेवक संघ की फिरोजाबाद टीम पीड़ित परिवार से मिलने पहुँची। संघ ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए दोषी कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की अपील की है। संघ ने मांग की है कि प्रदेश सरकार और प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेकर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करे ताकि बच्चियों का भविष्य सुरक्षित रह सके।भीम सेवक संघ ने यह भी कहा कि यह घटना दलितों के साथ हो रहे अत्याचार की एक दुखद बानगी है और यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो आंदोलनात्मक कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर मोनू सिंह मंडल अध्यक्ष, गौरव कुमार जिला अध्यक्ष, पुष्पेंद्र कुमार ,संजू भाई जिला उपाध्यक्ष,मोहन सिंह महानगर उपाध्यक्ष, अरविंद कुमार महानगर सचिव , हर्षवर्धन जिला सचिव ,नितिक कुमार महानगर सचिव, लोकेश कुमार जिला उपाध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे ।

# बुद्ध गाथा में पहुंचे अतिथियों ने गाथा वाचक व टीम का किया सम्मान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। जनपद के रैपुरा में चल रही बुद्ध गाथा में रविवार को जनपद के विभिन्न अतिथियों व समाजसेवियों ने बुद्ध गाथा वाचक स्वदेश रत्न व उनकी टीम का किया सम्मान। जनपद के थाना रामगढ़ क्षेत्र के गांव रैपुरा में ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से बुद्ध गाथा का आयोजन कराया गया । बुद्ध गाथा 3 जून से प्रारंभ हुई जो कि 9 जून तक चलेगी तथा 10 जून को प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजन विशाल स्तर पर किया जा रहा है । इस दौरान बुद्ध गाथा वाचक स्वदेश रत्न ने आठवें दिन भगवान बुद्ध ने कैसे एक अंगुलिमार जैसे डाकू के हृदय को परिवर्तित कर नेक मनुष्य में परिवर्तित किया तथा बुद्ध ने करुणा ,दया , सत्यता के मार्ग पर चलने का मंत्र दिया यह समझाया । इस दौरान बुद्ध स्वरूप कुमारी निकेता तथा अंगुलिमार डाकू स्वरूप अजीत कुमार ने नाटक के माध्यम से लोगों को समझाया तथा दोनों ही बुद्ध गाथा में आकर्षण का पात्र रहे । इस दौरान विपिन कुमार एड. प्रधान प्रतिनिधि उसायनी / सीनियर पत्रकार जनपद फिरोजाबाद , भुवनेश चंद्रा शिक्षक नेता /समाजसेवी , शिव भाटिया बसपा नेता आदि ने भी गाथा वाचक स्वदेश रत्न व उनकी टीम का भगवान बुद्ध व बाबा साहब की तस्वीर भेंट कर व पट्टिका पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान कमेटी के लोगों में पूरन सिंह



पूर्व प्रधान , गिरीश फौजी , शशि कुमार , विवेक कुमार ,लायक सिंह,सुनील कुमार , सेवा राम , बिमला देवी , पूनम देवी , चमेली देवी , साधना सिंह व ग्राम वासियों ने आए हुए सभी अतिथियों समाजसेवियों का धन्यवाद दिया तथा अधिक से अधिक संख्या में लोगों से अंतिम दिवस गाथा सुनने आने तथा प्रसाद ग्रहण करने आने की भी अपील की ।

# मंत्री जयवीर सिंह ने किया नगर पंचायत मक्खनपुर में नव निर्मित कल्याण मंडप का शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।






फिरोजाबाद । मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत नगर पंचायत मक्खनपुर में नव निर्मित कल्याण मंडप का शुभारंभ पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया । इसका निर्माण सी0एन0डी0एस0 उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)द्वारा किया गया है इस कल्याण मंडप में पोर्च, मल्टीपरपज हॉल, स्टेज, बरामदा, कार्यालय, किचन, शौचालय पुरुष एवं महिला एवं कवर्ड बरामदा निर्मित किया गया है, इस भवन में दो तल है प्रथम तल जो 270.52 वर्ग मीटर का है, जबकि द्वितीयतल 44.45 वर्ग मीटर का है, इस कल्याण मंडप में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, टैंक, वाटर कूलर इत्यादि भी लगे हुए हैं, इस कल्याण मंडप का निर्माण कुल 3.25 करोड रुपए की लागत से हुआ है, इस भवन के माध्यम से निर्धन एवं असहाय वर्ग के परिवारों की शादियों को बहुत कम खर्चे में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि इस मंडप का निर्माण असहायों, गरीबों को किफायती दर पर शादी हेतु किया गया है, शासन के द्वारा कम पैसों में गरीबों की सेवा करने का कार्य किया जा रहा है, शासन का उद्देश्य है कि हम योजनाओं को धरातल पर उतार कर समाज में अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाएं, उन्होंने इस अवसर पर नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि, शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने में आपका योगदान महती है, जिस पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ आपका चयन हुआ है, हम उम्मीद करते हैं कि पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ आप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी, अपने दायित्वों का निर्वहन करके आप समाज और राष्ट्र के लिए एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करेंगी, निश्चित रूप से आपका कार्य गरीबों की दुवाओं का पा त्र बना देगा, हमारी सरकार में कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई है, इसी कारण औद्योगिक घराने यहां निवेश करने के लिए आतुर रहते हैं, इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यहां बना हुआ कल्याण मंडप पूरे जिले का पहला मंडप है, जहां गरीब और असहाय लोगों की शादियां किफायती दर पर आयोजित होगी, जिलाधिकारी ने कहा कि मैं माननीय मंत्री जी को जनपद को पर्यटन के रूप में महत्वपूर्ण परियोजनाएं देने के लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं, साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई देता हूं कि वह अपने क्षेत्र में जाकर बच्चों को निष्ठा के साथ सेवा करेंगी, इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये, इससे पूर्व माननीय मंत्री जी ने फीता काटकर इस महत्वपूर्ण भवन का उद्घाटन किया, साथ ही यहां संचालित कार्यक्रमों का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया, साथ ही साथ कल्याण मंडप के बाउंड्री वॉल के बाहर माननीय मंत्री जी ने पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को एवं आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों में मुन्नी देवी, अरुणा देवी और आशा देवी प्रमुख रहे, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, चेयरमैन मक्खनपुर सहित जनप्रतिनिधि एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बोगोटा में हथियारबंद बदमाशों ने सांसद को रैली के दौरान गोली मारकर घायल किया

## ‘डेमोक्रेटिक सेंटर’ ने एक बयान जारी कर इस घटना को ‘‘हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य’’ बताया

**बोगोटा, (एपी)** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में शनिवार को एक चुनाव प्रचार अभियान रैली के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने सांसद मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। देश के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य उरीबे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित प्रत्याशी हैं। उनकी पार्टी ‘डेमोक्रेटिक सेंटर’ ने एक बयान जारी कर इस घटना को ‘‘हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य’’ बताया।

पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे की पार्टी डेमोक्रेटिक सेंटर ने कहा कि यह घटना फोंटिबोन के एक पार्क में हुई जब हथियारबंद हमलावरों ने सांसद को पीछे से गोली मार दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में देखा जा सकता है कि खून से लथपथ उरीबे को कई लोगों ने पकड़ रखा है।



‘सांता फे फाउंडेशन’ अस्पताल की एक मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया कि सीनेटर को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया और ‘‘न्यूरोसर्जिकल और रक्त संचार को दुरस्त करने संबंधी चिकित्सीय प्रकिया’’ जारी है। उरीबे की पत्नी मारिया क्लाउडिया ताराजोना ने कोलंबिया के लोगों से प्रार्थना करने का आग्रह करते हुए सीनेटर के ‘एक्स’ खाते से ‘पोस्ट’ साझा कर कहा, ‘‘मिगुएल जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।’’

घटना की जांच कर रहे अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि इस हमले में सीनेटर को दो गोलियां लगीं और घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। कार्यालय ने बयान में कहा कि घटनास्थल से 15 वर्षीय एक लड़के को पकड़ा गया है जिसके पास से बंदूक भी बरामद की गई।

कोलंबिया सरकार ने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया गया है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने ‘एक्स’ पर पोस्ट कर कहा, ‘‘जीवन का सम्मान करें। इसे (इस घटना को) बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।’’

राष्ट्रपति के बयान के अनुसार, पेट्रो ने ‘‘घटना की गंभीरता के कारण’’ फ्रांस की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर दी। शनिवार देर रात ‘सिक्योरिटी काउंसिल’ के एक असाधारण सत्र का नेतृत्व करने के बाद कोलंबिया के राष्ट्रपति ने जांच में ‘‘पूर्ण पारदर्शिता’’ का वादा किया। उन्होंने सीनेटर के अंगरक्षकों की किसी भी विफलता की जांच का भी वादा किया।

उरीबे एक दक्षिणपंथी सीनेटर हैं और उनकी मां एक पत्रकार थीं। उनकी मां की एक आपराधिक गिरोह ने अपहरण करने के बाद हत्या कर दी थी। उरीबे को मई 2026 में होने वाले कोलंबिया के राष्ट्रपति पद के चुनाव का संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। सीनेटर ने मार्च में राष्ट्रपति पद के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा की थी।

कोलंबिया के पुलिस प्रमुख जनरल कार्लोस ट्रियाना ने कहा कि हमले के समय उरीबे के साथ ‘काउंसिलमैन’ एंड्रेस बैरियोस और 20 अन्य लोग थे। उन्होंने कहा कि हमले में कथित रूप से संलिप्त एक नाबालिग को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया गया और उसका पैर घायल हो गया है तथा उसका उपचार किया जा रहा है।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा, ‘‘मैंने कोलंबिया के सैन्य और पुलिस बलों तथा खुफिया एजेंसियों को आदेश दिया है कि इस पूरे मामले की जांच कर तत्काल स्थिति स्पष्ट करें।’’ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ‘एक्स’ पर कहा कि ‘‘अमेरिका सीनेटर मिगुएल उरीबे की हत्या के प्रयास की कड़े शब्दों में निंदा करता है’’ और उन्होंने राष्ट्रपति पेट्रो से आग्रह किया कि वह ‘‘भड़काऊ बयानबाजी पर लगाम लगाने और कोलंबियाई अधिकारियों की रक्षा करने’’ के लिए कदम उठाएं।

# टेक्सास नगर परिषद के चुनावों में दो भारतीय अमेरिकी उम्मीदवार जीते



**ह्यूस्टन (अमेरिका), (भाषा)** अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ। शुगरलैंड के ‘डिसट्रिक्ट 2’ में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। ‘फोर्ट बेंड काउंटी’ के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर ‘डिसट्रिक्ट 1’ की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

### अमेरिका ने नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा समाप्त किया

**काठमांडू, (भाषा)** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा। ‘हिमालयन टाइम्स’ में छपी खबर के मुताबिक, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि लाभार्थियों को मियाद समाप्त होने के बाद, पांच अगस्त तक 60 दिन का समय दिया जाएगा। टीपीएस, बिना किसी अन्य कानूनी दर्जे के निर्दिष्ट देशों से आने वाले आप्रवासियों को 18 महीने तक अमेरिका में रहने की अनुमति देता है तथा सामाजिक परिस्थितियों के कारण सुरक्षित वापसी में बाधा उत्पन्न होने पर कानूनी तौर पर काम करने की सुविधा भी देता है। नेपाल को सबसे पहले 24 जून 2015 को 18 महीने की अवधि के लिए टीपीएस के लिए नामित किया गया था, यह निर्णय विनाशकारी भूकंप के बाद लिया गया था, जिसके परिणामस्वरूप वहां जीवन स्तर में काफी, लेकिन अस्थायी रूप से व्यवधान उत्पन्न हुआ था।

### गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई

# ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में प्रदर्शन रोकने के लिए सैन्य जवानों को तैनात किया

**पैरामाउंट (अमेरिका), (एपी)** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शनों को काबू करने के लिए ‘कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड’ के 2,000 जवानों को तैनात करने का आदेश दिया है जबकि गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है।



लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियमों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया जिसके बाद एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प हुई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय ‘व्हाइट हाउस’ ने शनिवार को एक बयान में कहा कि ट्रंप कैलिफोर्निया में ‘‘बढ़ती अराजकता से निपटने के लिए’’ ‘कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड’ के जवानों को तैनात कर रहे हैं। कैलिफोर्निया के गवर्नर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता गैविन न्यूसम ने इस कदम पर आपत्ति जताई और ‘एक्स’ पर एक ‘पोस्ट’ साझा करते हुए कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम ‘‘जानबूझकर भड़काने वाला है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।’’

### रूसी बमबारी में घातक हवाई ‘ग्लाइड बम’ भी इस्तेमाल किए गए

# यूक्रेन के पूर्वी शहर खारकीव में रूसी हमले में चार लोगों की मौत, 26 घायल: अधिकारी

**कीव, (एपी)** रूस ने यूक्रेन के खारकीव शहर को निशाना बनाकर शनिवार को ड्रोन और मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूसी बमबारी में घातक हवाई ‘ग्लाइड बम’ भी इस्तेमाल किए गए। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर पहला हमला तड़के सुबह रूसी ड्रोन और मिसाइल से किया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इसमें कम से कम तीन



लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। खारकीव के मेयर ने बताया कि दोपहर में रूस ने शहर के मध्य क्षेत्र में हवाई बम गिराए, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए।

यूक्रेन की वायु सेना के अनुसार, रूस ने 215 मिसाइल और ड्रोन से हमले किए तथा यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने 87 ड्रोन और सात मिसाइल को मार गिराया एवं उन्हें निष्क्रिय कर दिया। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में बताया कि यूक्रेन के कई अन्य क्षेत्र भी प्रभावित हुए हैं, जिनमें दोनेत्स्क, द्निप्रोपेत्रोव्स्क, ओडेसा और तेरनोपिल शहर शामिल हैं।

रूस द्वारा की जा रही हत्याओं और तबाही को रोकने के लिए मॉस्को पर अधिक दबाव बनाने की आवश्यकता है तथा यूक्रेन को मजबूत करने के लिए और अधिक कदम उठाने की भी आवश्यकता है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसके बलों ने गोला-बारूद डिपो, ड्रोन कार्यशाला और हथियार मरम्मत स्टेशनों समेत यूक्रेनी सैन्य ठिकानों पर रात में हमला किया। खारकीव में हताहतों की खबरों पर रूस की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई। खारकीव के महापौर इगोर तेरेखोव ने बताया कि हमले में 18 बहुमंजिला रिहाइशी इमारत और 13 आवास क्षतिग्रस्त हुए हैं। तेरेखोव ने बताया कि फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर किए गए आक्रमण के बाद से यह शहर पर किया गया ‘‘सबसे शक्तिशाली हमला’’ था।

## खेल एक्सप्रेस

### गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

**लंदन, (भाषा)** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया।

रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीतना है। श्रृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

# कुसाले और इलावेनिल की टीम में वापसी

## म्यूनिख विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे

**म्यूनिख, (भाषा)** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे।



कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं।

महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे क्योंकि भारत इस साल के अंत में बड़ी चुनौतियों से पहले इन दो स्पर्धाओं में अपनी गहराई को परखने की कोशिश करेगा।

विश्व कप में 78 देशों के ओलंपिक और विश्व चैंपियन तथा खेल के दिग्गजों सहित कुल 695 निशानेबाज भाग लेंगे। इस सत्र की शुरुआत दक्षिण अमेरिका में दो प्रतियोगिताओं के साथ हुई थी जिसमें भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने छह स्वर्ण सहित 15 पदक जीते जिससे टीम अंक तालिका में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

हालांकि म्यूनिख चरण में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए काफी कड़ी चुनौती होगी।

चीन के दिग्गज निशानेबाज ली यूहोंग और 20 साल के शेंग लिहाओ प्रतियोगिता में चुनौती पेश करेंगे। यूहोंग मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता हैं। लिहाओ मौजूदा ओलंपिक, विश्व और एशियाई चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। शुरुआती दो चरण का विजेता चीन अपने पुरुष एयर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन शेइ यू को 22 सदस्यीय टीम में लेकर आया है।

मेजबान जर्मनी ने अपने दिग्गज पिस्टल निशानेबाज और पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन क्रिश्चियन रिट्ज के नेतृत्व में 27 सदस्यीय मजबूत टीम उतारी है। टीम की महिला एयर राइफल क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड धारक अन्ना यानसेन भी घरेलू सरजमीं पर चुनौती पेश करेंगी।

फ्रांस की 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा एक अन्य रेपिड फायर पिस्टल दिग्गज जीन क्विकैम्पोइक्स हैं जिन्होंने पिछले लगभग एक दशक में इस प्रतियोगिता में पूरी तरह से अपना दबदबा बनाया है।

कोरिया भी 19 निशानेबाजों के साथ पूरी ताकत से चुनौती पेश करेगा। उसकी टीम में दो मौजूदा महिला ओलंपिक चैंपियन यांग जिन (25 मीटर पिस्टल) और ओह येजिन (10 मीटर एयर पिस्टल) शामिल हैं।

अमेरिका की सेगेन मैडालेना, इटली के पाओलो मोना और डेनिलो सोलाजो तथा कजाखस्तान की एलेक्जेंड्रा ली जैसे पेरिस ओलंपिक के कई पदक विजेता म्यूनिख में चुनौती पेश करेंगे।

# भारत को नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा



**एम्सटलवीन, (भाषा)** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।

भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है।

नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है।

प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी।

### उनादकर की अगुआई वाली अनमोल किंग्स हलार ने एसपीएल का पहला मैच जीता



**राजकोट, (भाषा)** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट की अगुवाई वाली अनमोल किंग्स हलार ने यहां सौराष्ट्र प्रो टी20 लीग (एसपीएल) के उद्घाटन मैच में आर्यन सोरथ लायंस को छह विकेट से हरा दिया।

आर्यन सोरठ लायंस ने कप्तान प्रेरक मांकड़ के 44 गेंदों पर 66 रन की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। अनमोल किंग्स हलार ने चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

अनमोल किंग्स की तरफ से सिद्धांत राणा ने 38 गेंदों पर तीन चौकों और छह छक्कों की मदद से 68 रन जबकि पार्श्वराज राणा ने 38 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई

**लखनऊ, (भाषा)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह और उत्तर प्रदेश की मछली शहर सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज की रविवार को लखनऊ में सगाई हुई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित भव्य सगाई समारोह में क्रिकेट, राजनीति और सिनेमा जगत की कई हस्तियां शामिल हुई।

क्रीम कलर की शेरवानी पहने रिंकू सिंह और हल्के गुलाबी रंग के लहंगे में सजी प्रिया कार्यक्रम में मौजूद लोगों की मुबारकबाद और अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच पर पहुंचे और उन्होंने एक—दूसरे को अंगूठी पहनाई। इस दौरान प्रिया खासी भावुक नजर आईं।

प्रिया सरोज के पिता और जौनपुर की केराकत सीट से सपा के विधायक और पूर्व सांसद तूफानी सरोज ने बताया कि इस अवसर पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनकी सांसद पत्नी डिंपल यादव, पार्टी मुख्य महासचिव रामगोपाल यादव, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सपा सांसद अवधेश प्रसाद और मोहिबुल्लाह नदवी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सपा राज्यसभा सदस्य अभिनेत्री जया बच्चन और पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी प्रवीण कुमार और पीयूष चावला समेत अनेक हस्तियां मौजूद थीं। प्रिया सरोज के चाचा भगवती चंद सरोज ने बताया कि इस दौरान दोनों पक्षों के परिवारों के सदस्य, रिश्तेदार और आमंत्रित विशिष्ट लोग मौजूद थे।

### दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल के लिए समय की दरकार

# आईपीएल के लिए भी 12 से 16 सप्ताह की विंडो होनी चाहिये: मोहित बर्मन



**नयी दिल्ली, (भाषा)** पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन , अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है। आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है।

एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4.5 महीने) की बहुत लंबी विंडो भी उनके मूल्य को बढ़ाती है।

बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची।

‘डाबर इंडिया’ के प्रमुख बर्मन ने कहा, ‘‘ हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है।

नई दिल्ली, सोमवार 9 जून 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



"वर्ष 2017 में हमने सबसे पहले 86 लाख किसानों का 36000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। इसके अलावा अब तक 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी गयी है।"

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह ने सिद्धार्थनगर जनपद के निर्माणाधीन डुमरियागंज बस अड्डे के कार्य का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




# वर्ष 2014 में पहली बार सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बने किसान: योगी आदित्यनाथ

**औरैया**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दावा किया कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार किसान सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बने और उनके लिये विभिन्न नवोन्मेषी योजनाएं लागू की गयीं।

मुख्यमंत्री ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत औरैया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "अन्नदाता किसान भी किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडा का हिस्सा बन सकता है, यह आपको पहली बार वर्ष 2014 में देखने को मिला होगा, जब प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी ने 'सॉइल हेल्थ कार्ड' की व्यवस्था शुरू की थी।"

उन्होंने कहा, "पहले कृषि वैज्ञानिकों के अलावा और कोई भी 'सॉइल हेल्थ कार्ड' के बारे में जानता ही नहीं था। उसके बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई की योजना और फिर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना शुरू की गयी। आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ देश के 12 करोड़ किसान प्राप्त कर रहे हैं।"

आदित्यनाथ ने यह भी कहा, "अकेले उत्तर प्रदेश में ही अब तक अब तक दो करोड़ 86 लाख किसानों के खाते में 85 हजार करोड़ रुपए भेजे गए हैं।"

मुख्यमंत्री ने कहा, "वर्ष 2017 में हमने सबसे पहले 86 लाख किसानों का 36000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। इसके अलावा अब तक 23 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई की सुविधा दी गयी है।"



मुख्यमंत्री ने मक्का के लिये खरीद केन्द्र स्थापित करने का ऐलान करते हुए कहा, "हम औरैया के किसानों को इस बात के लिए आश्वस्त करेंगे कि बहुत जल्द हम इसके लिए क्रय केंद्र स्थापित करके न्यूनतम समर्थन मूल्य की भी घोषणा करने वाले हैं।" उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की 'डबल इंजन' की सरकार ने पहली बार कृषि विश्वविद्यालयों और आईसीआर के वैज्ञानिकों को उनके केंद्रों से निकालकर खेतों में भेजने का काम किया है।

योगी ने कहा कि 'लैब टू लैंड' की इस प्रक्रिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'बीज से बाजार' तक अन्नदाता किसानों के हितों को सर्वोपरि मानते हुए चलायी जाने वाले अभियान का ही हिस्सा मानना चाहिये।

उन्होंने पिछली सरकारों पर महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा, "पिछली सरकारें महापुरुषों का अपमान करती थीं। जनता के साथ मक्कारी करती थीं लेकिन 'डबल इंजन' की भाजपा सरकार मक्के की खेती के उत्पादन को बढ़ाती है। महापुरुषों का सम्मान करने का काम करती है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार ने औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखा है।"

मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी (सपा) की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, "याद करिए पिछली सरकारों के समय गुंडे और माफिया हावी हुआ करते थे। ना बेटी सुरक्षित थी ना व्यापारी सुरक्षित था। नौजवान के लिए निकलने वाली नौकरियों पर चाचा (शिवपाल सिंह यादव) और भतीजे (अखिलेश यादव) की दृष्टि ऐसे लगती थी की पूरी भर्ती ही विवादित हो जाती थी।"

उन्होंने कहा, "हमने अब तक आठ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। हमने अभी प्रदेश पुलिस में 60 हजार नई भर्तियां की हैं। हम 15 जून को देश के गृहमंत्री को बुलाकर एक साथ 60 हजार नौजवानों को प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बनाकर नियुक्ति पत्र देने वाले हैं। इतनी भर्ती पहले कभी नहीं हुई।"

आदित्यनाथ ने कहा, "हमने लगभग एक लाख 60 हजार से ज्यादा शिक्षक भर्ती किए हैं। लोक निर्माण विभाग हो, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग हो अन्य सरकारी विभागों में नियुक्ति प्रक्रिया को हमने पूरी पारदर्शिता से आगे बढ़ाया है।"

# दिल्ली: सूटकेस में मिला बच्ची का शव परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

नयी दिल्ली, (भाषा) उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस के दल गठित किये गए हैं। हम इस मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच कर रहे हैं।''

नेहरू विहार निवासी बच्ची के परिवार ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले अपने एक रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी।

बच्ची के पिता ने बताया कि काफी समय तक उसके घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची के पिता ने कहा, ''वह केवल बर्फ देने गई थी, जिस रिश्तेदार के घर वह बर्फ देने गई थी उन्होंने बताया कि वह वहां लगभग पांच मिनट रुकी और चली गई, लेकिन वह घर वापस नहीं आई। हमने हर जगह ढूंढा। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी, जहां हमें सूटकेस में उसका शव मिला।''

बच्ची के पिता ने बताया कि जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। कुछ गड़बड़ होने का संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए।



उन्होंने बताया, ''उन्होंने अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। तुरंत वह उसे नजदीकी क्लिनिक लेकर गए, लेकिन वहां के डॉक्टर ने उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद वह अपनी बेटी को शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में रात करीब आठ बजकर 41 मिनट पर दयालपुर पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस की एक टीम नेहरू विहार की गली नंबर दो भेजी गई, जहां उन्हें पता चला कि बच्ची को उसके पिता जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''प्रथम दृष्टया चिकित्सकों ने बच्ची के चेहरे पर चोटें देखीं और यौन उत्पीड़न की आशंका जताई है।' पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान करने और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं। दयालपुर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा छह के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस घटना के कारण आस-पास के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बच्ची की मौत की खबर फैलते ही उसके रिश्तेदारों समेत सैकड़ों लोगों ने पास की सड़क को जाम कर दिया और न्याय की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की, लापरवाही का आरोप लगाया और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

इलाके में व्याप्त तनाव को देखते हुए कई दुकानदारों ने अपने दुकान बंद कर दीं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी की गई।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों को समझाने-बुझाने तथा परिवार को यह भरोसा दिलाने की कोशिश की कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों के धरने पर बैठने के कारण दयालपुर इलाके में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, यात्री घंटों तक फंसे रहे। वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ा और सड़क जाम रहने के कारण कई आपातकालीन सेवाओं में भी देरी हुई। वहीं, आम आदमी पार्टी ने इस मामले को लेकर दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी सरकार की आलोचना की।

पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

हालांकि, भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

## घरेलू विवाद में पति का गला रेतकर हत्या का प्रयास, पत्नी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, (भाषा) उत्तर प्रदेश के शामली जिले में घरेलू विवाद में पति की गला रेतकर हत्या करने के प्रयास में पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली थानाक्षेत्र के मनिहारा मोहल्ले में रहने वाली सुमैया ने शनिवार रात को सोते समय अपने पति खुर्शीद की गला रेतकर हत्या करने का प्रयास किया।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) वीरेंद्र कसाना ने यहां संवाददाताओं को बताया कि घायल खुर्शीद को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। इस बीच पुलिस ने मामला दर्ज कर सुमैया को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

# कांग्रेस के तीन विधायकों ने तेलंगाना सरकार में मंत्री पद की शपथ ली

हैदराबाद, (भाषा) सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों जी विवेक वेंकट स्वामी, ए लक्ष्मण कुमार और वी श्रीहरि ने रविवार को तेलंगाना सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में मंत्रिमंडल का यह पहला विस्तार है।

राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिमंडल सहयोगी, विधायक और अन्य नेता मौजूद थे।

तीन नए मंत्रियों के शामिल होने से रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाले मंत्रिपरिषद के विस्तार को लेकर हफ्तों से लगाई जा रही अटकलों पर विराम लग गया। यह मंत्रिमंडल विस्तार मंत्रिमंडल में नियुक्तियों और पार्टी पदों के संबंध में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) नेतृत्व के बीच हाल में हुई चर्चा के बाद हुआ है।

मुख्यमंत्री समेत तेलंगाना मंत्रिमंडल की कुल संख्या 18 है। मौजूदा मंत्रिमंडल में तीन नए विधायकों के शामिल होने के साथ ही मंत्रियों की संख्या बढ़ कर अब 15 हो गई। फिलहाल मंत्रिमंडल में तीन पद रिक्त हैं। गौड़ के सितंबर, 2024 में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष का पद संभालने के बाद से कार्यकारी अध्यक्ष समेत राज्य कांग्रेस पदाधिकारियों की नियुक्ति लंबित है। रेड्डी ने 'एक्स' पर एक



'पोस्ट' साझा कर पार्टी विधायक रामचंद्र नाइक को भी विधानसभा का उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इन तीन नए मंत्रियों और उपाध्यक्ष की नियुक्ति सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा सामाजिक न्याय पर ध्यान केंद्रित किए जाने को दर्शाती है।

विवेक और लक्ष्मण कुमार क्रमशः अनुसूचित जाति(माला) और अनुसूचित जाति (मडिगा) समुदायों से हैं, जबकि श्रीहरि पिछड़े वर्ग से संबंध रखते हैं। रामचंद्र नाइक अनुसूचित जनजाति समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत जी वेंकटस्वामी के बेटे विवेक वेंकट स्वामी एक वरिष्ठ नेता हैं, जो पहले लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। विवेक के नाम से लोकप्रिय विवेक वेंकट स्वामी ने अपना राजनीतिक जीवन कांग्रेस के साथ शुरू किया, लेकिन वह बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) और भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) में भी रहे।

## उत्तर प्रदेश के बस्ती में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

बस्ती (उप्र), (भाषा) बस्ती जिले में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घटना सात और आठ जून की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे छावनी क्षेत्र में विक्रमजोत-शंकरपुर राजमार्ग पर हुई जब ट्रक में यूरिया (डीजल एग्जॉस्ट फ्लुएड) डलवाने के दौरान एक वाहन ने ट्रक चालक समेत तीन लोगों को रौंद दिया। सने बताया कि इस दुर्घटना में ट्रक चालक राजू (32) और पृथ्वीराज (45) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रक का खलासी दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि उसे अयोध्या मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बतायी जाती है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही छावनी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।




## बलिया में दो कारों की टक्कर में एक युवक की मौत, पांच घायल

बलिया (उप्र), (भाषा) बलिया जिले में दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार को नगरा क्षेत्र में बछईपुर गांव के पास नगरा-बलिया मार्ग पर हुई जब एक कार की सामने से रही एक अन्य कार से जोरदार टक्कर हो गई। उसने बताया कि दुर्घटना में अंबेश कुमार सिंह (45) नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पांच अन्य लोग भी घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## युवती से दुष्कर्म के आरोप में डॉक्टर गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर (उप्र), (भाषा) मुजफ्फरनगर जिले के भोपा क्षेत्र में शनिवार शाम अपने क्लीनिक में 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान वीरपाल सहरावत के रूप में हुई है। वह भाजपा का मंडल अध्यक्ष भी रह चुका है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविशंकर ने रविवार को बताया कि पुलिस ने डॉ. वीरपाल सहरावत के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।


## बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ का 63 वर्ष की आयु में निधन, नेताओं ने जताया शोक

**हैदराबाद**, (भाषा) तेलंगाना में विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक मगंती गोपीनाथ का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे।



पांच जून को दिल का दौरा पड़ने के बाद गोपीनाथ को एआईजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया कि सुबह पौने छह बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हैदराबाद के जुबली हिल्स से विधायक गोपीनाथ ने 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता एवं पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन को हराया था।

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के पूर्व नेता गोपीनाथ पार्टी की हैदराबाद इकाई के अध्यक्ष रहे थे और 2014 में तेदेपा के टिकट पर जुबली हिल्स से चुने गए थे। वह 2016 में तेदेपा के कई अन्य विधायकों के साथ सत्तारूढ़ बीआरएस (तब टीआरएस) में शामिल हो गए थे। बीआरएस के टिकट पर वह 2018 और 2023 में विधानसभा के लिए फिर से चुने गए। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी, बीआरएस अध्यक्ष केसीआर, तेदेपा नेता और आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश और कई अन्य नेताओं ने गोपीनाथ के घर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक जताया। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव, भाजपा सांसद के लक्ष्मण और कई अन्य नेता रविवार शाम यहां 'महाप्रस्थानम' श्मशान घाट पर गोपीनाथ के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।




स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक: विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।